दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-19 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 23 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# देश में आतंकी साजिश नाकाम

## दिल्ली स्पेशल सेल की गिरफ्त में आए 8 संदिग्ध आतंकी

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की स्पेशल सेल ने तमिलनाडु-बंगाल से एक बांग्लादेशी समेत 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पकड़े आतंकी देश में बड़े हमले की साजिश रच रहे थे। इन सभी के पाकिस्तानी आईएसआई एजेंसी और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों से कनेक्शन होने की बात सामने आई है। इनके कब्जे से 12 मोबाइल और 16 सिमकार्ड बरामद किए गए हैं। दिल्ली स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद कुमार कुशवाहा ने की टीम ने इस पूरे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।एडिशनल सीपी प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गए आतंकियों को बांग्लादेश में बैठे लश्कर ए तैयबा का एक हैंडलर हैंडल कर रहा था। उनका का दावा है कि समय रहते कार्रवाई कर एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया गया। 7 फरवरी को कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और आसपास के कई मेट्रो स्टेशनों पर खंभों पर देशविरोधी पोस्टर चिपकाए गए थे। इन पोस्टरों में आतंकवादी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की तस्वीरें और भारत विरोधी संदेश थे। घटना पर सबसे पहले सीआईएसएफ की नजर पड़ी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट को सूचना दी गई। मामला गंभीर होने के कारण जांच स्पेशल सेल को सौंपी गई।कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान स्पेशल सेल की टीम कोलकाता पहुंची, जहां स्थानीय पुलिस की मदद से दो आरोपियों उमर फारूक और बांग्लादेशी



नागरिक रोबिल उल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पोस्टर लगाए थे। जांच में यह भी सामने आया कि 10 फरवरी को कोलकाता के कई मेट्रो स्टेशनों और अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के पोस्टर लगाए गए थे।

### बांग्लादेश से मिल रहे थे निर्देश

दिल्ली स्पेशल एडिशनल सीपी ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों को बांग्लादेश में बैठे शब्बीर अहमद लोन निर्देश दे रहा था। शब्बीर अहमद लोन जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल का निवासी है। लोन को वर्ष 2007 में गिरफ्तार किया गया था। उस समय उसके पास से एक-47 और ग्रेनेड बरामद हुए थे और वह एक बड़े राजनीतिक नेता की हत्या की साजिश रच रहा था। वह कई वर्षों तक जेल में रहा और 2019 में रिहा होने के बाद कथित तौर पर बांग्लादेश भाग गया। जांच में संकेत मिले हैं कि रिहाई के बाद उसने दोबारा लश्कर ए तैयबा से संपर्क साधा और एक नया मॉड्यूल तैयार किया। उसने अपने सहयोगियों को इकट्ठा कर ड्राई रन भी कराए और दिल्ली व कोलकाता में पोस्टर लगाने की साजिश रची।

### तमिलनाडु से 6 और गिरफ्तार

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक तमिलनाडु में ठहरे हुए थे और उन्हें कोलकाता लाकर किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी थी। इसके बाद स्पेशल सेल की टीम तमिलनाडु पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से छह और बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके नेटवर्क, फंडिंग और अन्य संभावित साजिशों की जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां इस मॉड्यूल के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी पड़ताल कर रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इंदौर के बास्केटबॉल परिसर में किसान कल्याण की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया

## ईडी का बड़ा फैसला : इस वित्त वर्ष 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य, अब एक से दो साल में पूरी होगी मामलों की जांच




नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामलों में तेजी लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने मौजूदा वित्त वर्ष में 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही, जांच अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि केस दर्ज होने के बाद जांच को एक से दो साल के अंदर पूरा कर लिया जाए। हालांकि, बहुत पेचीदा मामलों में इसमें छूट मिल सकती है।यह फैसला पिछले साल 19 से 21 दिसंबर के बीच असम के गुवाहाटी में हुई जोनल अधिकारियों की 34वीं तिमाही बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ईडी डायरेक्टर राहुल नवीन ने की। एजेंसी अब दिल्ली से बाहर हर तीन महीने में ऐसी बैठकें कर रही है। इससे पहले केवड़िया (गुजरात) और श्रीनगर में बैठकें हुई थीं। गुवाहाटी में सम्मेलन आयोजित करना पूर्वोत्तर क्षेत्र की रणनीतिक और परिचालन अहमियत को भी दर्शाता है।बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि पुराने लंबित मामलों को खत्म करने और नई जांच को समय पर पूरा करने के लिए यह लक्ष्य जरूरी है। उन्हें निर्देश दिया गया कि जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए, समय पर अभियोजन शिकायत दाखिल हों और कुर्की या जुर्माने जैसी कार्रवाई कानूनी रूप से ठोस हो। पीएमएलए कानून के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल सावधानी, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ करने, समन और कानूनी नोटिस केवल स्पष्ट आवश्यकता और उचित आधार पर जारी करने पर जोर दिया गया।

## किश्तवाड़ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकी ढेर, एक कमांडर भी शामिल

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में संयुक्त बलों के साथ हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकी संगठन का एक शीर्ष कमांडर और एक आतंकवादी मारा गया। नागरोटा स्थित सेना के व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा, दो आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन त्राशी-1 जम्मू-कश्मीर पुलिस, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी और हमारे अपने खुफिया सूत्रों से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, क्षेत्र में



सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए ऑपरेशन त्राशी-1 के तहत किश्तवाड़ क्षेत्र में एक सुनियोजित संयुक्त अभियान शुरू किया गया। उन्होंने आगे बताया, सीआईएफ डेल्टा व्हाइट नाइट कॉर्प्स के जवानों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के साथ समन्वय में रविवार सुबह लगभग 11:00 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों से दोबारा मुठभेड़ की। सैनिकों ने मुठभेड़ स्थल पर दो आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही 2 एके-47 राइफलों सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए।सेना ने कहा कि तलाश जारी है और जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे उन्हें कोई पनाह नहीं मिलेगी।सेना के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना के दो पैरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। हालांकि, मारे गए आतंकवादी का शव बरामद किया जा रहा है।इस महीने इस इलाके में यह दूसरी घटना है। इससे पहले, 4 फरवरी को इसी घने जंगल वाले इलाके में गोलीबारी हुई थी। किश्तवार के चतरू इलाके में पिछले एक साल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ें हुई हैं।ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों का एक समूह सक्रिय है, जो किश्तवाड़, डोडा और उधमपुर जिलों के बीच अपना ठिकाना बदलते रहते हैं।सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ पाकिस्तानी आतंकवादियों के इस समूह का लगातार पीछा कर रहे हैं और इसी गहन खोज के कारण यह समूह सुरक्षा बलों पर हमला करने की कोशिश करने के बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहा है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू मंडल के पहाड़ी जिलों में पाकिस्तानी आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं।

## देश के प्रत्येक व्यक्ति को जनजातीय इतिहास को जानना चाहिए : चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत



रायपुर, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति श्री सूर्यकांत ने आज राजधानी नवा रायपुर के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में बने देश के पहले डिजिटल संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का यह जनजातीय संग्रहालय अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को जनजातीय इतिहास और संस्कृति से वाकिफ होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अंदोलनों और शौर्य गाथाओं पर संग्रहालय में बने प्रत्येक गैलरी को निकट से देखा। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में जनजातीय आंदोलनों की स्मृतियां लोगों को शोषण एवं अन्याय के खिलाफ एक जुट होने और उसका प्रतिकार करने के लिए प्रेरित करेंगी।

## टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ समर्पण किया

जगदलपुर, (ए.)। नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के साथ बाकी बचे नक्सली कैडरों की घेराबंदी कर रही है।



लगातार मुठभेड़ों और प्रमुख नेताओं के आत्मसमर्पण से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है।नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य नक्सली कमांडर देवजी के आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देवजी बड़ा नक्सली कैडर था, जिसने तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, लेकिन उन्हें भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में काम किया जा रहा है।

## बड़ा खुलासा : ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में रची जा रही खौफनाक साजिश, इन गेम्स से मासूम बच्चों का ब्रेनवॉश कर रहे आतंकी संगठन

जयपुर (आरएनएस)। डिजिटल दुनिया में अब मासूम बच्चे एक बेहद खतरनाक और अदृश्य खतरे का शिकार हो रहे हैं। राजस्थान



साइबर सेल की एक ताजा और चौंकाने वाली रिपोर्ट ने अभिभावकों की नींद उड़ा दी है। इस रिपोर्ट के खुलासे के मुताबिक, कुख्यात आतंकी संगठन अब ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की आड़ में 11 से 17 साल के मासूम बच्चों को अपने नापाक जाल में फंसा रहे हैं। रोब्लॉक्स, माइनक्राफ्ट और डिस्कॉर्ड जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स पर बैठे ये डिजिटल शिकारी पहले बच्चों से दोस्ती गांठते हैं और फिर उन्हें धीरे-धीरे गलत रास्ते पर धकेल कर उनका ब्रेनवॉश करना शुरू कर देते हैं। केंद्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट में इस बात का पर्दाफाश हुआ है कि सैंडबॉक्स गेम्स, जहां खुली चैट और बहुत अधिक आजादी होती है, बच्चों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं।




## शंकराचार्य पर एफआईआर में भड़के अखिलेश, बोले 20 साल पुराना मामला निकालकर अपमानित कर रहे

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज एफआईआर को



लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 20 साल पुराने मामले को निकालकर शंकराचार्य को अपमानित करने की कोशिश कर रही है। सपा कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस स्तर तक जाकर आरोप लगवाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा अगर शिकायतकर्ता किसी अन्य संत के शिष्य हैं, तो मुझसे गलती हुई कि मैंने पूर्व में दर्ज एक मामला वापस लिया था। मुझे उसे वापस नहीं लेना चाहिए था।

दरअसल, यूपी पुलिस ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ बाल यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश के बाद की गई है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि यह पहली बार हुआ जब किसी शंकराचार्य को माघ मेले में गंगा स्नान से रोका गया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य ठंड के दौरान कई दिनों तक धरने पर बैठे रहे और सरकार ने उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया।

## मध्य प्रदेश में फिर बारिश का अलर्ट, 7 जिलों में पानी गिरने की संभावना, 3 से 4 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को मंडला, डिंडौरी समेत कुल 7 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही, तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और पारा 3 से 4 डिग्री तक चढ़ सकता है।साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की एक्टिविटी के कारण हाल ही में पिछले 24 घंटे के दौरान भोपाल, सागर, जबलपुर, धार, इंदौर, खंडवा, रायसेन, रतलाम, उज्जैन सहित 15 से अधिक जिलों में हल्की बारिश हुई थी। इसके बाद भोपाल में शनिवार को बादल छाए रहे, लेकिन दिन के समय तेज धूप निकल आई, जिससे तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज क्षेत्रों में भी मौसम बदला और हल्की बारिश हुई।ग्वालियर में रविवार को मौसम सामान्य रहा, तापमान में कोई खास बदलाव नहीं था। इंदौर में हालांकि, शनिवार को सुबह ठंड थी, लेकिन दिन में गर्मी महसूस हुई, और तापमान 31°C के आसपास पहुंच गया। रात में हल्की ठंड का असर था, तापमान 13 C तक लुढ़क गया। रविवार को भी तेज धूप निकलने से ठंड का असर लगभग खत्म हो गया। प्रदेश में फरवरी महीने में अब तक तीन बार बारिश हो चुकी है। फरवरी की शुरुआत में ओले, बारिश और आंधी का दौर रहा, जिसके कारण फसलों को भारी नुकसान हुआ था। इसके बाद, 18 फरवरी से तीसरी बार बारिश का दौर शुरू हुआ था, और अब चौथी बार 23 फरवरी को बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का प्रभाव अब आगे बढ़ चुका है, जिसके कारण लगातार बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन सोमवार को छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर जिलों में बारिश हो सकती है। 22 फरवरी को मौसम साफ रहेगा और बारिश का कोई अलर्ट नहीं है।

## जॉइंट थिएटर कमान से संचालित होंगी तीनों सेनाएं, तीन माह में नया सैन्य ढांचा...

### -ऑपरेशन सिंदूर में दिखा था 88 घंटे का पूर्ण समन्वय

नई दिल्ली,(ए.)। देश की सैन्य संरचना में आजादी के बाद का सबसे बड़ा बदलाव अब अंतिम चरण में है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना को एकीकृत करते हुए संयुक्त थिएटर कमान (जेटीसी) के तहत संचालन का खाका तैयार कर लिया गया है। पिछले पांच वर्षों से इस पर मंथन चल रहा था और सूत्रों के अनुसार नया ढांचा अगले तीन महीनों में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा।

नए मॉडल के लागू होने के बाद भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए अधिक इंटीग्रेटेड, तेज और समन्वित कमांड संरचना होगी। रक्षा सूत्रों का दावा है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में 60 से 70 प्रतिशत तक तेजी आएगी, जबकि संसाधनों के बेहतर उपयोग से 15 से 20 प्रतिशत तक बचत संभव होगी। इससे चीन और पाकिस्तान—दोनों मोर्चों पर रणनीतिक तैयारी और मजबूत होगी।

दुनिया के कई प्रमुख देशों में पहले से ही संयुक्त थिएटर कमान व्यवस्था लागू है। अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन की सेनाएं थिएटर कमान के तहत संचालित होती हैं। चीन में पांच और अमेरिका में 11 थिएटर कमान सक्रिय हैं।



# दिव्यांगजन के खेलों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है मध्य प्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### - मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव-2026 नॉट आउट @100 का किया शुभारंभ



भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश दिव्यांगजन के खेलों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्मयंत्री डॉ. यादव रविवार को राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी भोपाल के पुलिस लाइन स्टेडियम में दीप प्रज्वलित करने के साथ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांग खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधारक और चिंतक स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म शताब्दी वर्ष पर 100 घंटे लगातार क्रिकेट खेलने का यह प्रयास केवल रिकॉर्ड बनाने की कोशिश नहीं, बल्कि यह संदेश है कि जब संकल्प समाज के उत्थान के लिए होता है तो सीमाएं स्वयं समाप्त हो जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द को स्थापित किया है। उनका यह कदम भारतीय संस्कृति के मनोभाव के अनुरूप है। इस पहल ने विकलांग शब्द से जन सामान्य में उपजती हीनता की भावना का अंत किया है, साथ ही चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों में संघर्ष की अदम्य इच्छा शक्ति को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री मोदी की सकारात्मक सोच के अनुरूप देश को सभी क्षेत्रों में आगे लाने के प्रयास को साकार रूप देने के उद्देश्य से ही राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव 2026 नॉट आउटञ्च100 का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रिकेट पिच पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा एक बॉल खेलकर मैच का शुभारंभ किया। पहला मैच मध्यप्रदेश और राजस्थान की ऑर्थो केटेगरी टीम के बीच रहा। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव को खेल महोत्सव का बैच लगाया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर्नामेंट की कैप भी धारण की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय दिव्यांग खेल महोत्सव के अंतर्गत दिव्यांगजन का लगातार 100 घंटे क्रिकेट खेलना अद्भुत, आनंददायी और हम सबके लिए गर्व का अवसर है। उन्होंने इस आयोजन के लिए कुशाभाऊ ठाकरे न्यास और इंटर नेशनल पब्लिक पॉलिसी रिसर्च सेंटर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी की "मन की बात" के श्रवण के साथ यह खेल महोत्सव आयोजित हो रहा है। यह सभी क्षेत्रों में सर्वागींण रूप से समान भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का परिचायक है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लुप्तप्राय प्रजातियों के 5 गिद्धों को हलाली डेम क्षेत्र में करेंगे मुक्त

भोपाल(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 फरवरी सोमवार को हलाली डेम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के 5 गिद्धों को प्राकृतिक आवास में मुक्त करेंगे। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल हैं। उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटरों से सुसज्जित पाँच दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में व्यवस्थित अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद मुक्त किया जा रहा है। टैगिंग प्रक्रिया सभी संबंधित संस्थाओं एवं वन विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाइल्डलाइफ एसओएस के वन्यजीव पशु चिकित्सक की देखरेख में हुई।यह पहल मध्यभारत के विकसित होते 'गिद्ध परिदृश्य' को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जहाँ भारतीय गिद्ध सामान्यत: एक ही क्षेत्र में रहते हैं, वहीं सिनेरियस गिद्ध मध्य एशियाई फ्लाईवे के अंतर्गत लंबी दूरी का प्रवास करते हैं, जो 30 से अधिक देशों तक फैला विश्व का एक प्रमुख प्रवासी पक्षी गलियारा है।पक्षी संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्यप्रदेश वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की गतिविधियों और निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है।

## भारतीय सेना में भर्ती के लिए आवेदन जारी : 01 अप्रैल तक ऑनलाइन

### आवेदन जून में होगी कॉमन एंट्रेंस परीक्षा



भोपाल(निप्र)। सेना भर्ती कार्यालय,भोपाल द्वारा भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की जा चुकी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी प्रारंभ हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना ।

## एमपी ट्रांसको में 'जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी' बनी कार्य संस्कृति

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 'जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी' को अपनी कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग बनाया है। सभी सबस्टेशनों एवं ट्रांसमिशन लाइनों पर मेंटेनेंस कार्य से पूर्व सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनिवार्य पालन सुनिश्चित किये जाने की पहल की गई है।मेंटेनेंस कार्य प्रारंभ करने से पहले संबंधित तकनीकी स्टाफ द्वारा सिंगल लाइन डायग्राम तैयार कर संभावित जोखिमों का आकलन किया जाता है तथा टीम को आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान की जाती है। साथ ही 'पेप टॉक' के माध्यम से सुरक्षा मानकों, लाइव उपकरणों की स्थिति, कार्य क्षेत्र की संवेदनशीलता और आवश्यक सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की जाती है, जिससे प्रत्येक कर्मचारी पूर्ण सजगता और आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सके।

कार्य के दौरान एकाग्रता बनाए रखने के उद्देश्य से मोबाइल फोन कंट्रोल रूम शिफ्ट इंचार्ज अथवा संबंधित सुपरवाइजर के पास सुरक्षित रूप से जमा कराए जाते हैं। कार्य प्रारंभ से पूर्व संबंधित क्षेत्र को विधिवत अर्थिंग से जोड़ने तथा सुरक्षा मानकों की दोहरी पुष्टि की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से की जा रही है। इसके अतिरिक्त, मेंटेनेंस टीम के लीडर को रोटेशन मे बदलने की अभिनव पहल से कर्मचारियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व बोध एवं टीम भावना का विकास हो रहा है। कंपनी का यह प्रयास न केवल दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार कार्य संस्कृति को भी सुदृढ़ कर रहा है।

# तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से घायल मासूमों को समय पर मिला उपचार



भोपाल (आरएनएस)। डायल-112 जवानों की त्वरित, सजग और संवेदनशील कार्यवाही ने सड़क दुर्घटना में घायल एक बालक एवं एक बालिका को समय रहते उपचार उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। संकट की इस घड़ी में डायल-112 टीम ने जिस जिम्मेदारी और मानवीय भावना के साथ कार्य किया, वह सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का सराहनीय उदाहरण है।22 फरवरी को सूचना मिली कि एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक बालक एवं एक बालिका घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 एफआरव्ही, थाना मुरवास क्षेत्र से तत्काल मौके के लिए रवाना की गई। घटनास्थल पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक सचिन जाट (ष्ट-913), आरक्षक रवि जाट, शमीम खान एवं पायलट संजीव कुमार मीणा ने स्थिति का त्वरित आकलन कर बिना समय गंवाए दोनों घायल बच्चों को एफआरव्ही वाहन की सहायता से सुरक्षित रूप से लटेरी अस्पताल पहुँचाया। इस दौरान थाना मुरवास का पुलिस बल भी मौके पर आवश्यक कार्रवाई में जुटा रहा, जिससे स्थिति को शीघ्र नियंत्रित किया जा सका। डायल-112 जवानों की इस त्वरित प्रतिक्रिया, सजगता और मानवीय संवेदनशीलता के कारण घायल मासूमों को समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध हो सकी।डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह प्रेरणादायक घटना यह संदेश देती है कि मध्यप्रदेश पुलिस हर परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए सदैव तत्पर, सजग और समर्पित है।

## दो छात्रों को लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर, एक की हालत गंभीर

भोपाल (आरएनएस)। शाहजहांनाबाद इलाके में एक्टिवा सवार 10वीं कक्षा के दो छात्रों को लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की हालत नाजुक है। उसका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, अब्दुल्ला पुत्र फैजान खान (17) कसेरा गली, शाहजहांनाबाद का रहने वाला है। वह 10वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। रविवार की सुबह करीब 5:30 बजे शाहजहांनाबाद पानी टंकी के पास अर्जुन भवन के सामने सफेद रंग के वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।इससे अब्दुल्ला के सिर में गंभीर चोट आई और वह बदहवास हो गया। जबकि उसके वाहन के पीछे बैठे अयान अंसारी के पैर में गंभीर चोट आई है। हादसे के समय दोनों फजर की नमाज पढ़ने ताजुल मसाजिद जा रहे थे। हादसे में घायल अब्दुल्ला की हालत नाजुक है।अब्दुल्ला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह वेंटिलेटर पर है और हादसे के बाद से ही बदहवास है। वहीं शाहजहांनाबाद थाने के एसआई रमाशंकर खरे ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अस्पताल की सूचना पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी चालक की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## टीटी नगर स्टेडियम से दौड़े हजारों युवा, फिटनेस का दिया संदेश

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में रविवार तड़के फिटनेस और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। बंसल पंख मैराथन की शुरुआत शहर के टीटी नगर स्टेडियम से हुई। सुबह 5 बजे पहली रेस के फ्लैग ऑफ के साथ ही धावकों के कदमों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री और 'दंगल गर्ल' के नाम से पहचान रखने वाली फातिमा सना शेख शामिल हुईं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए फिटनेस को जीवन का अहम हिस्सा बनाने का संदेश दिया।अपर लेक रूट पर दौड़े रनर्स मैराथन का रूट टीटी नगर स्टेडियम से शुरू होकर अपर लेक क्षेत्र से गुजरा और समापन फिर स्टेडियम परिसर में हुआ। चार अलग-अलग कैटेगरी की रेस निर्धारित समय के अनुसार सुबह 5 बजे से लेकर 7ञ्30 बजे तक चरणबद्ध तरीके से शुरू की गईं। प्रतिभागियों को रेस से पहले रिपोर्टिंग और वार्म-अप के लिए समय दिया गया।चार कैटेगरी में हुआ आयोजन-मैराथन में 42 किलोमीटर (फुल मैराथन), 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन), 10 किलोमीटर और 6 किलोमीटर की रेस आयोजित की गई।42 किमी और 21 किमी रेस में प्रथम स्थान के लिए 10-10 हजार रुपए का पुरस्कार रखा गया।10 किमी रेस के विजेता को 7 हजार रुपए दिए जाएंगे।6 किमी रेस फिटनेस और जनजागरूकता को ध्यान में रखकर रखी गई। 45 मिनट का जुम्बा सेशन बना आकर्षण रेस से पहले 45 मिनट का जुम्बा सेशन आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। परिवार के साथ आए लोगों के लिए मनोरंजन और डांस की विशेष व्यवस्था भी रही। बंसल ग्रुप के मार्केटिंग हेड आशीष महेन्द्रू के अनुसार आज इस मैराथन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। हमारा लक्ष्य भोपाल को फिटनेस की राजधानी बनाना है।




भोपाल । छोला दशहरा मैदान में आयोजित शिवमहापुराण कथा हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जिसमें प्रमुख रूप से पं.आचार्य आशीष शुक्ल जी महाराज भी शामिल हुए।

# शादी के 19 साल बाद कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह चौहान पर लगे दहेज प्रताड़ना के आरोप

### – पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल में एक दहेज प्रताड़ना का एक हाईप्रोफाइल मामला सामने आया है। सीनीयर कांग्रेस लीडर महेंद्र सिंह पर उनकी पत्नी ने घरेलु हिंसा का मुकदमा दर्ज करवाया है। चौहान की पत्नी बैंक में मैनेजर हैं, बैंकर पत्नी ने अपने नेता पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है, कि नेता पति ने दहेज में दो करोड़ रुपए मांगे और पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर कांग्रेस नेता के खिलाफ मारपीट और दहेज प्रताड़ना की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता महेंद्र सिंह चौहान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनकी दूसरी पत्नी शिखा सिंह ने चौहान के खिलाफ हबीबगंज थाने में मारपीट और दहेज प्रताड़ना की एफआईआर दर्ज करवाई है। खास बात ये भी है, कि पत्नी और पति दोनों की ये दूसरी



शादी है, और इस शादी को 19 साल हो चुके हैं। वहीं मामले को लेकर कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह का कहना है कि, पत्नी उन्हें 15 साल से ब्लैकमेल कर रही है, जब उन्होंने तलाक का नोटिस दिया तब पत्नी ने ये एफआईआर करवाई है, वहीं, पत्नि शिखा ने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, उनके पति ने जान से मारने की कोशिश की, पति ने एक दिन मुझे जूस में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिसे पीकर मेरी हालत बिगड़ने लगी और मैं बेहोश हो गई, जब मुझे होश आया तो मैं अस्पताल में थी। पीड़िता पत्नि शिखा ने पुलिस को बताया है कि, उनका बेटा हॉस्टल में रहता है, और वह भोपाल में अकेली रहती हैं। उन्हें अपने पति से जान का खतरा है, जिनके पास दो लाइसेंसी बंदूकें हैं। मामले में पुलिस अफसरो का कहना है कि महिला की शिकायत पर कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जल्द ही जांच पूरी कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। बताया गया है की दंपत्ति के बीच जारी यह विवाद 9 फरवरी को काफी बढ गया था। पत्नि शिखा का आरोप है कि दोपहर 2 बजे उनके पति ने घर में उनके साथ मारपीट की और उन्हें घर से बाहर निकालकर गेट पर ताला लगा दिया और धमकी दी कि अगर मायके से 2 करोड़ रुपये और कार लेकर नहीं आई तो जान से मार दूंगा। तुम ऑफिस जाती हो, रास्ते में तुम्हारे साथ कुछ भी कर सकता हूं।

## निगम-मंडलों में नियुक्तियों की तैयारी पूरी, सत्ता-संगठन ने तय किया क्राइटेरिया

भोपाल (ए.)। मप्र में भाजपा के नेताओं का निगम-मंडलों में नियुक्ति का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। इन नियुक्तियों की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। राजनीतिक नियुक्तियों के लिए सत्ता और संगठन ने क्राइटेरिया कर दिया है। जिसके अनुसार, निगम-मंडल और प्राधिकरणों में नियुक्ति केवल परफॉर्मेंस के ही आधार पर होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि पार्टी में सत्ता का पद हो या संगठन का, सभी महत्वपूर्ण होते हैं। हमारे यहां मोर्चे की कार्यसमिति घोषित होना शुरू हो चुकी है। प्रकोष्ठ और निगम मंडल में नियुक्तियां होनी है, हमारी सारी तैयारी है।

असल में मोहन सरकार को भी दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन निगम मंडल में नई नियुक्तियों के लिए कतार में खड़े कार्यकर्ताओं का इंतजार बढ़ता जा रहा है। खंडेलवाल का कहना है कि हमारा ये मानना है कि हमारा कार्यकर्ता किसी ना किसी जिम्मेदारी में रहे ये चिंता हम कर रहे हैं। किसी को प्रदेश कार्यसमिति में लेना है, किसी को निगम मंडल में तो किसी को प्रकोष्ठ में लेना है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी पूरी है। सारी चीजें आगे पीछे ही होंगी।

# सोशल मीडिया पर बच्चा चोर की अफवाह वाला फर्जी वीडियो वायरल करना पड़ा मंहगा

### – पुलिस ने युजर आई के खिलाफ दर्ज की एफआईआर
### – साल 2019 का वीडियो वायरल किया था

भोपाल(ए.)। सोशल मीडिया पर बच्चा चोर की अफवाह वाला फर्जी वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ अयोध्या नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वीडियो जिस इंस्टाग्राम आईडी से वायरल किया गया था, उसके यूजर की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो साल 2019 का और उत्तर प्रदेश का है। इसमें एक किशोर को भोपाल में रहने वाला बच्चा चोर बताकर उससे मारपीट की गई और दबाव बनाया गया था, कि वह खुद को बच्चा चोर और भोपाल के हमीदिया अस्पताल में बॉडी पार्टस बेचने वाला कहे। उस मामले में यूपी पुलिस ने एटा के चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की थी।

**– यह है फर्जी वीडियो का पूरा मामला**

पुलिस के मुताबिक बीती 19 फरवरी को सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम आईडी पृथ्वी-बनना 744 के यूजर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक बालक को बांधकर बच्चा चोरी करने वाला बताया गया। तस्दीक करने पर वीडियो साल 2019 निकला और घटना झूठी होना पाया गया। क्योंकि इस तरह के वीडियो से समाज में डर और वैमनस्यता का वातावरण निर्मित होता है, और इसीलिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर भ्रामक संदेह और जानकारी प्रसारित करना प्रतिबंधित किए जाने संबंधी बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंधित किए गए हैं। नतीजतन उक्त आदेश का उल्लंघन होने पर इंस्टाग्राम आईडी पृथ्वी-बनना 744 का उपयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अयोध्या नगर थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**– साल 2019 का है वायरल हो रहा फर्जी वीडियो**

पुलिस जॉच में सामने आया की सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी संबंधी वायरल वीडियो अगस्त 2019 का है, जो एटा जिला जालौन उत्तर प्रदेश में टोल नाके के पास एक बालक सोनू श्रीवास का है। पुलिस जॉच में पता चला था की सोनू श्रीवास अपनी बहन के घर जाने के लिए ढाबे के पास खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा था। तभी ढाबे के कुछ कर्मचारियों और तीन-चार लड़कों ने शराब के नशे में उसे बच्चा चोर बोलकर पकड़ा और बुरी तरह मारपीट की। मारपीट के बाद बालक का हाथ बांधकर एक खंभे से बांध दिया और डराया कि अगर मारपीट से बचना है, और घर जाना है, तो बच्चा चोर होना स्वीकार कर और एक बनी हुई कहानी बोलने के लिए उससे कहा गया। बच्चे ने डर के मारे खुद को बच्चा चोर होना और भोपाल अयोध्या नगर का रहने वाला बताया। वह बच्चे चुराकर उनके बॉडी पार्ट्स किडनी आदि भोपाल के हमीदिया अस्पताल में बेचने की झूठी कहानी बोलता गया, जबकि वह बालक कभी भोपाल नही आया है, और वहीं आस-पास के टाडा गांव का रहने वाला है।

## युवक ने फांसी लगाकर लगाकर जान दी

भोपाल(आरएनएस)। बैरागढ़ क्षेत्र में रहने वाले 24 वर्षीय सेल्समैन विशाल अहिरवार ने शनिवार देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।विशाल अहिरवार पुत्र प्रताप अहिरवार बैरागढ़ सीटीओ इलाके में रहता था और एक कपड़े की दुकान पर सेल्समैन का काम करता था।शनिवार देर रात विशाल शराब के नशे में घर पहुंचा। पत्नी ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान युवक की मां ने भी उसे फटकार लगाई। इससे नाराज होकर युवक ने पत्नी को कमरे से बाहर निकाल दिया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद उसने पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जब पत्नी और मां ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाया, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इंदौर के बास्केटबॉल परिसर में "किसान कल्याण की बात युवाओं के साथ" कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा प्रदेश का बजट : राकेश सिंह

जबलपुर, (ए.)। प्रदेश का बजट विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में क्षेत्र के समग्र विकास,निवेश प्रोत्साहन और बेहतर जीवन गुणवत्ता की दिशा को साकार करने के प्रावधान किये गए है।यह बात मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को अभ्युदय मप्र बजट 2025-26 विषय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए होटल नर्मदा जेक्शन सिविल लाइन में कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए 4.38 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया,जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 के 4.21 लाख करोड़ की तुलना में लगभग 4.0% अधिक है। वर्ष 2026-2027 के लिए राजकोषीय घाटा 4% रहने का अनुमान है।मंत्री सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में चार जातियों का उल्लेख किया है और मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बजट में इन चार जातियों जिन्हे हम gyan कहते है इसमें गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी शक्ति के साथ-साथ औद्योगिकीकरण एवं अधोसंरचना (II) को भी जोड़ा गया है। इस प्रकार, रोज़गार सृजन,उत्पादन क्षमता में वृद्धि और दीर्घकालिक विकास अब बजट की केंद्रीय धुरी होंगे। सिंह ने कहा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा 5 एच.पी. तक के कृषि पंप/प्रेशर तथा एक घरेलू कनेक्शन को निःशुल्क विद्युत उपलब्ध कराने हेतु प्रावधान,दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का प्रावधान,समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल उपार्जन पर बोनस भुगतान हेतु प्रावधान,सहकारी बैंक के माध्यम से कृषकों को आपातकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान के अंतर्गत प्रावधान। प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अंतर्गत 1 लाख सोलर सिंचाई पंप किसानों को उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य। पशुपालन गतिविधियों के लिए का प्रावधान,गरीब कल्याण के लिए बजट में प्रावधान,पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,विमुक्त,घुमक्कड़ एवं अर्ध-घुमक्कड़ वर्ग के लिए प्रावधान,राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, दिव्यांगों को आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना, माता-पिता भरण पोषण योजना,अटल वयो-अभ्युदय योजना आदि का प्रावधान, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए प्रावधान रखा गया हैसिंह ने कहा लाड़ली लक्ष्मी योजना,नवीन प्रस्तावित' यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना,लाड़ली बहना योजना के लिए बजट में विशेष प्रावधान रखा है इसी तरह सड़क नेटवर्क मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।




## 21 दिन की विशेष देखरेख से कुपोषण पर जीत

मण्डला (ए.)। जिला चिकित्सालय मंडला स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में 21 दिनों की विशेष देखरेख और सतत निगरानी से एक गंभीर रूप से कुपोषित बालिका को नया जीवन मिला। अब नन्ही कुसुम पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने बताया कि ग्राम चपटल टोला गौराछापर, तहसील नैनपुर निवासी 1 माह 23 दिन की बालिका कुसुम मरकाम को 29 जनवरी 2026 को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय मंडला में भर्ती कराया गया था। बच्ची को सांस लेने में परेशानी और स्तनपान करने में कठिनाई हो रही थी। प्रारंभिक जांच के बाद उसे पीआईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया और लगातार निगरानी में रखा गया। 12 दिन बाद स्थिति में सुधार होने पर बच्ची को पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में स्थानांतरित किया गया। उस समय उसका वजन मात्र 1.700 किलोग्राम और लंबाई 45 सेमी थी। कम वजन के कारण वह गंभीर कुपोषण श्रेणी में थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में एनआरसी गाइडलाइन के अनुसार उपचार, उचित पोषण, स्तनपान सहयोग और कंगारू मदर केयर के माध्यम से देखभाल की गई।




### रायसेन में सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, चालक की मौत, जेसीबी से निकल सका शव

रायसेन,(ए.)। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के नेशनल हाईवे-45 पर नागिन मोड़ के पास रविवार सुबह करीब 10:30 बजे एक खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक टकरा गया। हादसे में पीछे वाले ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। टकराने के बाद ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, और चालक केबिन में फंसा हुआ था। सूचना मिलने पर बाड़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चालक केबिन में फंस जाने के कारण उसे तुरंत बाहर निकालना संभव नहीं था। पुलिस ने बाद में जेसीबी मशीन की मदद से केबिन को काटकर शव बाहर निकाला।

# खनिज राजस्व वसूली में प्रशासन का सख्त रुख दो माह में 30 लाख की वसूली, 50 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई




कटनी (ए.)। जिले में खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली तथा अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। अभियान के रूप में संचालित इन कार्रवाइयों के तहत पिछले दो महीनों में 50 से अधिक प्रकरण दर्ज कर लगभग 30 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। कलेक्टर श्री तिवारी की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित संयुक्त टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनवरी से अब तक अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है। उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि—अवैध उत्खनन के 3 प्रकरणों में 2 लाख रुपये,अवैध भंडारण के 3 प्रकरणों में 8 लाख रुपये,तथा अवैध परिवहन के 40 से अधिक प्रकरणों में लगभग 20 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। कुल मिलाकर 50 से अधिक प्रकरणों में करीब 30 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। लापरवाह खदान संचालकों पर कार्रवाईवित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया और तेज कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वाली 4 खदानों के विरुद्ध निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भू-भाटक (डेड रेंट) एवं बकाया राशि समय पर जमा न करने वाले संचालकों को नोटिस जारी कर कड़े निर्देश दिए गए हैं। तकनीक से निगरानीजिले में खदानों की निगरानी के लिए भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ सैटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे अवैध उत्खनन वाले क्षेत्रों की सटीक पहचान संभव हो रही है। प्रशासन का उद्देश्य खनिज उत्पादन को व्यवस्थित करना, समय पर रॉयल्टी जमा कराना तथा पर्यावरणीय एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराना है।

## व्यापार समाचार

### एयरटेल का शानदार तोहफा, कंपनी ने अपने इन यूजर्स के लिए किया अनलिमिटेड डेटा का बड़ा ऐलान

नई दिल्ली (ए.)। देश की दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने अपने ग्राहकों को एक शानदार तोहफा दिया है। कंपनी ने अब अपने सभी पोस्टपेड प्लान्स पर अनलिमिटेड डेटा देने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। पहले यह खास ऑफर केवल कुछ चुनिंदा सर्किलों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे देश भर के सभी सर्किलों के लिए लागू कर दिया गया है। कंपनी अपने एआरपीयू (ARPU) को बेहतर बनाने के मकसद से यह कदम उठा रही है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक प्रीपेड से पोस्टपेड की ओर स्विच करने के लिए आकर्षित हों।

**449 रुपये वाले बेस प्लान में मिलेंगे ढेरों फायदे**

एयरटेल के पोस्टपेड प्लान्स की शुरुआती कीमत 449 रुपये है, जिस पर 18 प्रतिशत जीएसटी (GST) का भुगतान अलग से करना होता है। इस प्लान में एक महीने की वैलिडिटी के साथ सामान्य तौर पर 50त्नक्क डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं, लेकिन नए ऑफर के तहत अब यूजर्स को अनलिमिटेड डेटा दिया जाएगा। हालांकि, इसमें 30 दिनों के लिए 300त्नक्क की फेयर यूसेज पॉलिसी (FUP) लिमिट तय की गई है। इसके अलावा, ग्राहकों को एडिशनल बेनिफिट्स के तौर पर 100GB गूगल वन (Google One) क्लाउड स्टोरेज, तीन महीने का जियो-हॉटस्टार मोबाइल सब्सक्रिप्शन, एक साल का एडोब प्रीमियम और एयरटेल एक्सस्ट्रीम प्ले का फ्री एक्सेस भी मिलेगा।

**699 रुपये वाले फैमिली प्लान पर भी लागू होगा नया ऑफर**

सिंगल यूजर के अलावा, एयरटेल का 699 रुपये से शुरू होने वाला फैमिली पोस्टपेड प्लान भी इस नए अनलिमिटेड डेटा ऑफर के दायरे में आएगा। इस प्लान पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त लगता है और इसके जरिए एक साथ दो लोगों के सिम कार्ड एक्टिव रखे जा सकते हैं। इस फैमिली प्लान में अनलिमिटेड कॉलिंग और डेली एसएमएस के साथ वैसे तो 105त्नक्क डेटा दिया जाता है, लेकिन कंपनी के नए ऐलान के बाद अब इन ग्राहकों को भी अनलिमिटेड डेटा की सुविधा मिलेगी।

### कैट को होली पर 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार का अनुमान

नई दिल्ली, नई दिल्ली (ए.)। रंगों का त्योहार होली देशभर के व्यापारियों के लिए बड़ी सौगात लेकर आ रहा है। कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक इस साल होली पर बाजारों में 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार की उम्मीद है। ये आंकड़ा पिछले साल के 60 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 25 प्रतिशत अधिक है।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को जारी बयान में कहा कि होली के त्योहार पर इस साल देशभर में करीब 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के करीब 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की तुलना में लगभग 25 फीसदी अधिक है।खंडेलवाल ने कहा कि इस बार होली पर भारतीय निर्मित हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पिचकारियां, गुब्बारे, चंदन, पूजन सामग्री, परिधान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है, जबकि वर्ष 2021 से पहले देशभर के बाजारों में चीनी सामान का वर्चस्व हुआ करता था। होली से संबंधित वस्तुओं के अलावा मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम, फूल-फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी उत्पादों तथा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की भी बाजारों में भारी मांग देखी जा रही है।खंडेलवाल ने कहा कि कैट के अनुमान के अनुसार केवल दिल्ली में ही लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। शहर के थोक और खुदरा बाजार रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक पिचकारियों, गुजिया की मालाओं और ड्राई फ्रूट पैकों से सजे हुए हैं तथा दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। मिठाई की दुकानों पर भी विशेष रूप से होली की पारंपरिक मिठाई 'गुजिया' की बिक्री में बड़ा उछाल आया है।


# रिलायंस के शेयरों में आने वाला है भारी उछाल, मॉर्गन स्टेनली ने दिया 1800 पार का टारगेट

मुंबई (ए.) । देश की सबसे मूल्यवान कंपनी और सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों को लेकर बाजार विशेषज्ञ बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मॉर्गन स्टेनली ने निवेशकों को रिलायंस के शेयर खरीदने की जोरदार सलाह दी है। ब्रोकरेज फर्म ने कंपनी की रेटिंग में सकारात्मक बदलाव करते हुए इसके शेयरों में करीब 28 फीसदी के शानदार उछाल का अनुमान जताया है, जिसके बाद से निवेशकों में इस स्टॉक को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**एआई सेक्टर में बड़े निवेश से बढ़ा बाजार का भरोसा**

मार्केट कैप के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार नए सेक्टर्स में अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर को लेकर कंपनी की आक्रामक रणनीतियों ने ब्रोकरेज फर्मों का भरोसा और मजबूत कर दिया है। हाल ही में भारत में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अगले सात सालों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के विशाल निवेश की ऐतिहासिक घोषणा की है। यह भारी-भरकम निवेश मुख्य रूप से एआई, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इससे जुड़ी एनर्जी सर्विसेज पर केंद्रित होगा।

**मॉर्गन स्टेनली की टॉप पिक लिस्ट में हुआ शामिल**




मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों का मानना है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा एआई और डिजिटल क्षेत्र में उठाया जा रहा यह कदम बिल्कुल वैसा ही है, जैसा कंपनी ने कुछ साल पहले टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर में क्रांति लाने के लिए उठाया था। इस हालिया निवेश योजना के खुलासे के बाद मॉर्गन स्टेनली ने रिलायंस के स्टॉक को अपनी 'टॉप पिक' (सबसे पसंदीदा) शेयर कैटेगरी में जगह दी है। इसके साथ ही फर्म ने इस स्टॉक की 'ओवरवेट' रेटिंग को भी बरकरार रखा है। शेयर बाजार की भाषा में ओवरवेट रेटिंग का सीधा अर्थ यह होता है कि संबंधित शेयर भविष्य में बाजार के औसत से कहीं बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखता है और निवेशकों को आने वाले समय में इसका तगड़ा फायदा मिल सकता है।

**1800 रुपये के पार जा सकता है शेयर का भाव**

रिलायंस शेयर के लिए ओवरवेट रेटिंग बनाए रखने के साथ ही मॉर्गन स्टेनली ने इसका नया टारगेट प्राइस भी तय कर दिया है। ब्रोकरेज फर्म का अनुमान है कि रिलायंस का शेयर प्राइस जल्द ही 1,803 रुपये के जादुई स्तर को छू सकता है। यह लक्ष्य इसके वर्तमान शेयर मूल्य से लगभग 28 प्रतिशत अधिक है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को शेयर बाजार में कारोबार के अंत में रिलायंस का स्टॉक बढ़त के साथ हरे निशान में 1419.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार के दौरान इसने 1427 रुपये का उच्च स्तर भी छुआ था। शेयरों में आई इस तेजी की बदौलत कंपनी का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 19.21 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।


**लंबी अवधि में निवेशकों को मिला है शानदार रिटर्न**

मुकेश अंबानी की इस फ्लैगशिप कंपनी के शेयरों ने पिछले एक साल में निवेशकों को काफी अच्छी परफॉर्मेंस दी है।

इस अवधि के दौरान रिलायंस के शेयरों में 15.55 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है। वहीं, अगर पिछले पांच सालों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो रिलायंस के स्टॉक में पैसा लगाने वाले निवेशकों को करीब 37 फीसदी का बेहतरीन रिटर्न हासिल हुआ है, जो इसे एक सुरक्षित और मुनाफे वाला सौदा बनाता है। इस शेयर का 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर 1611.80 रुपये है, जबकि इसका 52 हफ्तों का निचला स्तर 1114.85 रुपये दर्ज किया गया है।

### आईफोन-17 प्रो मैक्स की कीमत में भारी कटौती, 1.37 लाख से भी कम में धांसू फीचर्स वाला फोन खरीदने का शानदार मौका

नई दिल्ली (ए.)। अगर आप एप्पल के मुरीद हैं और नया आईफोन खरीदने का मन बना रहे हैं, तो यह आपके लिए बिल्कुल सही समय हो सकता है। पहली बार एप्पल के दमदार आईफोन 17 प्रो मैक्स की कीमत में भारी कमी देखने को मिली है। विजय सेल्स पर चल रहे एक शानदार ऑफर के तहत इस प्रीमियम स्मार्टफोन की कीमत में बड़ी कटौती की गई है। विभिन्न बैंक ऑफर्स का लाभ उठाने के बाद इसकी प्रभावी कीमत 1.37 लाख रुपये से भी नीचे आ गई है। इस फ्लैगशिप फोन में दमदार ए19 प्रो चिप, शानदार कैमरा क्वालिटी और लंबी बैटरी लाइफ जैसे कई बेहतरीन फीचर्स मिलते हैं।




कीमत में जबरदस्त कटौती और आकर्षक ऑफर्सविजय सेल्स के प्लेटफॉर्म पर आईफोन 17 प्रो मैक्स को 1,47,900 रुपये की कीमत पर लिस्ट किया गया है, जो इसकी असल लॉन्च कीमत 1,49,900 रुपये से काफी कम है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म चुनिंदा बैंक ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को 11,000 रुपये तक की अतिरिक्त छूट भी दे रहा है। इन सभी ऑफर्स को मिलाने के बाद फोन की प्रभावी कीमत 1,37,000 रुपये से भी कम हो जाती है। अगर ग्राहक चाहें तो अपने पुराने फोन को एक्सचेंज करके और भी ज्यादा पैसों की बचत कर सकते हैं, हालांकि एक्सचेंज वैल्यू आपके पुराने डिवाइस की स्थिति पर पूरी तरह निर्भर करेगी।

# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में बदलाव का असर

**- वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद निवेशकों में सकारात्मक उम्मीदें**

मुंबई (ए.)। भारत का शेयर बाजार पिछले सप्ताह तेज बढ़त के साथ बंद हुआ और निवेशकों की निगाहें अब इस सप्ताह पर टिकी हैं। इसका प्रमुख कारण अमेरिका में आयात शुल्कों में हाल ही में हुए बदलाव हैं, जो वैश्विक व्यापार और निवेश धाराओं पर सीधे असर डालते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों को रद्द कर दिया, जिससे वैश्विक बाजारों में नई उम्मीदें जगी हैं। इस फैसले के बाद ट्रंप प्रशासन ने 20 फरवरी को घोषणा की कि सभी देशों के लिए 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत आयात शुल्क लागू होगा, जो 24 फरवरी से प्रभावी होगा। हालांकि, 21 फरवरी को ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि यह दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन अभी तक इसके लिए कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद, निवेशकों में सकारात्मक उम्मीदें बनी हैं। भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया था। अगर अमेरिकी प्रशासन वास्तव में इस दर को 10-15 प्रतिशत तक कम करता है, तो भारतीय उत्पाद अमेरिका में सस्ते होंगे, जिससे निर्यात बढ़ सकता है। यह स्थिति भारतीय कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और विदेशी निवेश प्रवाह के लिए लाभकारी हो सकती है।



## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# कांग्रेस को सबक लेना चाहिए

कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है।

डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने तमिलनाडु में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने की संभावना से दो टूक इनकार कर इंडिया एलायंस को वैसे विवाद से बचा लेने की कोशिश है, जिसका भारी नुकसान इस समूह को कई राज्यों में उठाना पड़ा। गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश लेकर बिहार तक- ऐसे विवाद में समान पात्र कांग्रेस रही। मध्य प्रदेश और हरियाणा में गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने की अपनी हैसियत को जताते हुए टिकट बंटवारे में उसने समाजवादी पार्टी या अन्य छोटे दलों की मांगों को सिरे से ठुकरा दिया। महाराष्ट्र और बिहार में अधिक सीटों पर उम्मीदवारी पाने के लिए सबसे बड़े दल पर उसने कई कोण से दबाव बनाए, जिसे बदमजगी पैदा हुई।

दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे को समर्थन देने में उसने हील-हुज्जत की, जिससे गठबंधन में बिखराव का संदेश गया। अब वही तरीका तमिलनाडु की कांग्रेस इकाई ने कुछ समय पहले से अपनाया हुआ था। चुनाव लड़ने के लिए अधिक सीट और चुनाव के बाद अगर सत्ता मिली, तो सरकार में मंत्री पद का पहले से वादा- कांग्रेस की इन दो मांगों से गठबंधन के अंदर खींचतान का माहौल बन रहा था। डीएमके ने दोनों मांगों को ठुकरा दिया है। इस तरह अब यह कांग्रेस पर है कि वह राज्य में फिलहाल सत्ताधारी गठबंधन में रहे या नहीं। लोकतंत्र में सत्ता में आने की अपेक्षा रखना उचित ही है। लेकिन सत्ता मिलना या ना मिलना समर्थन आधार की ताकत से तय होती है।

कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। संभवत: कांग्रेस नेतृत्व को इसकी चिंता भी नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है। ऐसे में अधिकांश राज्यों में सहयोगी दलों की पीठ पर सवारी उनकी मजबूरी बन गई है। मगर इसमें भी वे अपनी शर्तें थोपना चाहते हैं। इसका खराब तजुर्बा सहयोगी दलों को हुआ है। मगर वैसे अनुभव से गुजरने से डीएमके ने इनकार किया है, तो कांग्रेस को उससे सबक लेना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम

अजीत द्विवेदी

वैसे तो अप्रैल में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर है। और ऐसा होने के कई कारण है। हालांकि ऐसा नहीं है कि तमिलनाडु का चुनाव कम महत्वपूर्ण है या केरल और असम का चुनाव ज्यादा महत्व का नहीं है। असम और केरल का चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए जीवन मरण का चुनाव है तो तमिलनाडु डीएमके, अन्ना डीएमके और फिल्म स्टार विजय के लिए बहुत अहम है। परंतु राष्ट्रीय स्तर पर जिस चुनाव का सबसे ज्यादा असर होगा वह पश्चिम बंगाल का है। अगर ममता बनर्जी लगातार चौथी बार चुनाव जीतती हैं तो सिर्फ बंगाल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति प्रभावित होगी और सिर्फ भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए पर ही नहीं, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की राजनीति पर भी बड़ा असर होगा।

चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि वह अकेले सभी 294 सीटों पर लड़ेगी। दूसरी ओर वामपंथी पार्टियों का मोर्चा भी अकेले लड़ने की तैयारी कर रहा है। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है। पिछले दो चुनावों में कांग्रेस और वाम मोर्चे के बीच सीट एडजस्टमेंट की सहमति बनी थी और दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा था। पिछली बार यानी 2021 में तो फुरफुराशरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट यानी आईएसएफ के साथ भी सीटों का समझौता हुआ था। इस बार देखने वाली बात होगी कि आईएसएफ की कमान संभाल रहे नौशाद सिद्दीकी क्या फैसला करते हैं। उनका फैसला इसलिए अहम हो गया है क्योंकि इस बार पश्चिम बंगाल में एक मुस्लिम गठजोड़ के अलग से चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। तृणमूल से चुनाव जीते हुमायूं कबीर ने जनता उन्नयन पार्टी बनाई है।

वे मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हैं और मुस्लिम ध्रुवीकरण के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक सभा की तो उसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इरफान सोलंकी भी शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि हुमायूं कबीर इस बार ओवैसी की पार्टी एमआईएम और बदरूद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीफ से तालमेल करेंगे। अगर आईएसएफ इसमें शामिल हो तो चार मुस्लिम पार्टियों का एक मोर्चा बनेगा। हालांकि इस बीच यह भी खबर है कि सीपीएम के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने भी हुमायूं कबीर से मुलाकात की है। तो क्या लेफ्ट मोर्चा इन मुस्लिम पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकता है? जो हो अभी तक यह दिख रहा है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की आमने सामने की लड़ाई में कांग्रेस, लेफ्ट और मुस्लिम पार्टियों के मोर्चे की चुनौती है। दूर से एक बहुकोणीय मुकाबला दिख रहा है। हालांकि ऐसा होगा नहीं।

चुनाव से पहले बन रहे गठबंधनों की पृष्ठभूमि जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल में हिंदू और मुस्लिम दोनों वोटों के बंटवारे या



ध्रुवीकरण से चुनावी नतीजे तय होते हैं। लगभग 30 फीसदी मुस्लिम आबादी लगभग पूरी तरह से ममता बनर्जी की पार्टी के समर्थन में वोट करती है। दूसरी ओर 70 फीसदी हिंदू आबादी का लगभग 60 फीसदी हिस्सा भाजपा का समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि अगर 10 फीसदी और हिंदू वोट भाजपा के साथ जुड़ जाएं तो भाजपा चुनाव जीत जाएगी या अगर 20 फीसदी के करीब मुस्लिम वोट ममता बनर्जी से टूट जाए तब भी भाजपा जीत जाएगी। भाजपा का 38 से 40 फीसदी तक वोट कायम रहने की संभावना इसलिए है क्योंकि पिछले तीन चुनावों में उसे इतना ही वोट मिलता है और उसे इसे और कंसोलिडेट किया है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस, लेफ्ट और आईएसएफ को साझा तौर पर 12 फीसदी के करीब वोट मिला था। इसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा हिंदू वोट का था। ध्यान रहे बांग्ला बोलने वाला हिंदू समुदाय भाजपा के साथ जाने की बजाय ममता बनर्जी या लेफ्ट, कांग्रेस के साथ रहता है। लेकिन इस बार स्थिति बदलने की संभावना है। बांग्लाभाषी हिंदू पहली बार मुस्लिम आबादी को लेकर चिंता में हैं। उनको लग रहा है कि भाषा और संस्कृति की एकता बनाने के चक्कर में बांग्लाभाषी हिंदू पहले कांग्रेस फिर लेफ्ट और अब तृणमूल को वोट देते रहे हैं लेकिन इस बीच राज्य की जनसंख्या संरचना बदल गई और उनके सामने गंभीर खतरे खड़े हो गए हैं। अगर बांग्लाभाषी हिंदू इस मानसिकता में वोट करते हैं तो भाजपा के लिए अवसर बनेगा और राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू ध्रुवीकरण मजबूत होगा।

अगर चुनिंदा इलाकों में जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तरी दिनाजपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर मुस्लिम आवाम का समर्थन मुस्लिम नेताओं की पार्टियों को मिलता है तो हैदराबाद से शुरू होकर महाराष्ट्र और बिहार तक मुस्लिम नेतृत्व के प्रति मुस्लिम आवाम के बढ़ते रूझान पर मुहर लगेगी। यह ट्रेंड स्थायी रूप से देश की राजनीति को बदलने वाला होगा। ध्यान रहे बिहार में आमने सामने के चुनाव के बावजूद ओवैसी की पार्टी के पांच विधायक जीते। महाराष्ट्र में ओवैसी की पार्टी के करीब एक सौ पार्षद जीते हैं। यह ट्रेंड दिखाता है कि मुस्लिम आवाम के मन में मौजूदा सेकुलर पार्टियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है। वे उनकी बजाय सीधे अपना नेतृत्व खड़ा करना चाहते हैं। तभी जहां भी उनको अपना विकल्प मिलता है वे उसे प्राथमिकता देते हैं। जहां विकल्प नहीं है वहां रणनीतिक मजबूरी में कांग्रेस या किसी प्रादेशिक पार्टी का समर्थन करते हैं। अगर ममता बनर्जी की पार्टी को मुसलमानों का समर्थन कम होता है तो इस ट्रेंड की पुष्टि होगी। आगे के चुनावों में देश के दूसरे हिस्सों में भी यह ट्रेंड देखने को मिलेगा।

नेतृत्व के स्तर पर भी पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे का असर देश की राजनीति पर पड़ेगा। अगर ममता बनर्जी चौथी बार जीतती हैं और लगातार दूसरी बार सीधे मुकाबले में भाजपा को हराती हैं तो इसे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व के करिश्मे और रणनीति के क्षरण की शुरुआत के तौर पर देखा जाएगा। ध्यान रहे एनडीए के अंदर वैसे भी इस बार भाजपा की स्थिति कमजोर है। पिछले चुनाव में वह अकेले दम पर बहुमत नहीं हासिल कर पाई। नरेंद्र मोदी की सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में हारने पर सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा और पार्टी के अंदर भी एक दबाव समूह उभर सकता है। संघ की ओर से दखल बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन अगर पश्चिम बंगाल का किला भाजपा फतह कर लेती है तो फिर राष्ट्रीय राजनीति में वह अजेय हो जाएगी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व के सामने लंबे समय तक कोई चुनौती नहीं आएगी।

पश्चिम बंगाल के नतीजे का विपक्षी गठबंधन पर भी बड़ा असर होगा। अगर ममता बनर्जी जीतती हैं तो फिर जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा से लड़ने वाली इकलौती नेता के तौर वे स्थापित होंगी। वे दिल्ली कूच करेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व के सामने बड़ी चुनौती खड़ी होगी। उनके पीछे हटने और ममता बनर्जी के नेतृत्व में 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने की मांग उठेगी। यह मांग जमीन सचाइयों पर आधरित होगी। इसलिए कांग्रेस भले विरोध करे पर दूसरी पार्टियां इस पर गंभीरता से विचार करेंगी। ध्यान रहे अगले चुनाव तक विपक्षी पार्टियों का सत्ता का सूखा 15 साल का हो जाएगा। ऐसे में वे ममता बनर्जी के ऊपर दांव लगा सकती हैं। अगर कांग्रेस केरल और असम में जीत जाती है और तमिलनाडु में डीएमके गठबंधन जीतता है तब भी राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व को लेकर गंभीर चर्चा छिड़ेगी। कुल मिला कर हिंदू ध्रुवीकरण, मुसलमानों के अंदर अपने नेतृत्व की तलाश की बेचैनी और एनडीए व 'इंडिया' ब्लॉक में नेतृत्व के लिहाज से पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम होने वाला है।



*विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, नई दिल्ली एयरपोर्ट पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा को एक फोटो एल्बम भेंट करते हुए।*

# ऑपरेशन भी होगा तो शर्तों के साथ

हरिशंकर व्यास

तो आज का वक्त भारत का सेनापति बेचारा (थलसेना प्रमुख-जनरल एमएम नरवणे) 'सबसे ऊपर से'.. आदेश की प्रतीक्षा के अनुभव वाला। अंत में जवाब - जो उचित समझो, वह करो। कितनी गंभीर बात। तभी विचार करें नेहरू के बनाए भारत और जिन्ना के बनाए पाकिस्तान में क्या फर्क है? नेहरू की जिद्द थी कि सिविल सरकार से सेना आदेश लेगी। जबकि जिन्ना ने दिमाग नहीं लगाया। नतीजतन पाकिस्तान में रिवाज है सेना देगी सिविल सरकार को आदेश। वह चलाएगी सरकार!

इस फर्क को क्या नरेंद्र मोदी, अजित डोवाल, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जयशंकर या संघ परिवार के लाठीधारी जानते हैं? चलिए आज आपको राहुल गांधी के पुरखे जवाहरलाल नेहरू की समझ का एक प्रमाण दें। वह सबूत, जिससे पाकिस्तान में सैनिक सर्वशक्तिमान है वही लोकतांत्रिक भारत भयाकुल सिविलियन नरेंद्र मोदी से शासित है।

नेहरू आजादी से पहले अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। वायसराय की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष थे। वह कार्यकारिणी देश के प्रशासन का बिंदु थी। उसमें ब्रितानी सेना के प्रमुख की सदस्यता अनिवार्य थी। पर नेहरू ज्योंहि उपाध्यक्ष बने उनका निर्णय था नागरिक व्यवस्था, राजनीतिक निर्णयों की बैठकों में सेना प्रमुख का क्या काम! वह सदस्य नहीं होगा। उन्होंने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख को सदस्य नहीं बनाने की अनुशंसा की। नेहरू ने साफ स्टैंड लिया कि शासन-प्रशासन से सेना को दूर रखा जाना चाहिए, ताकि सत्ता का संतुलन नागरिक नेतृत्व के अधीन रहे। तब नेहरू और कांग्रेस नेताओं को बोध था कि भारत में विदेशी शासन सैन्य छावनियों के बल पर था। सो, भविष्य के लोकतांत्रिक भारत में सेना को शासन से दूर रखने का निर्णय हुआ।और नेहरू ने वायसराय कार्यकारिणी में सेना प्रमुख के स्थान पर सेना के प्रतिनिधि मंत्री के रूप में नेता सरदार बलदेव सिंह को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया। फिर वह हरसंभव प्रयास किया, जिससे सेनाध्यक्ष की प्रशासनिक मामलों से दूरी बनी। वह हस्तक्षेप न हो और न ही नीतिगत निर्णयों में निर्णयकर्ता या भागीदार बने। लोकतंत्र को स्थिर, टिकाऊ बनाए रखने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों पर एक कैबिनेट समिति का गठन किया। इसी से नागरिक और सैन्य नेतृत्व के बीच एक संस्थागत संतुलन स्थापित हुआ। इसके अलावा, नेहरू ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के कार्यकाल को निश्चित अवधि का बनाया, जिससे सैन्य पदों पर अनावश्यक राजनीतिक प्रभाव को रोका जा सके। सेवानिवृत्त सेना प्रमुखों, जैसे जनरल करियप्पा, को दूरस्थ देशों में राजदूत नियुक्त किया। मतलब सैन्य नेतृत्व की राजनीतिक सत्ता से दूरी बनाए रखने की परंपरा बनाई। खुफिया एजेंसियों के माध्यम से निगरानी तंत्र विकसित किया।तभी नेहरू से मोदी के सत्ता में आने तक हर सरकार ने तीनों सेनाओं के प्रमुख अलग-अलग रखे। चीन के हमले के बाद तीनों सेना के कमान से ऊपर एक प्रमुख की नियुक्ति की सलाह दी जाती रही। लेकिन भारत के सभी प्रधानमंत्रियों ने नेहरू की इस समझ को अपनाए रखा कि एक शक्तिशाली सैन्य पद लोकतंत्र के लिए ख़तरा बन सकता है। उस सोच-सावधानी को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष का पद (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस) बना कर और सन् 2020 में जनरल रावत को नियुक्त कर खत्म किया। शायद इसलिए क्योंकि गुजरात से आए नरेंद्र मोदी ने अपनी कमी (सीधे बात करने, निर्देश देने, कैबिनेट में रियल विचार विमर्श निर्णय की क्षमता, विश्वास में कमी) को ढकने के लिए सीएमओ के ढर्रे पर खास-विश्वस्त एनएसए अजित डोवाल, पीएमओ के प्रमुख सचिव, विश्वस्त अमित शाह की कमांड बनाई तो सेना के लिए भी एक विश्वस्त की जरूरत थी। सो, वे बतौर सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल (आईपीएस अफसर) को मन की बात कहें।




मेष राशि : आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

वृष राशि : आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

मिथुन राशि :आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स को आज बड़ा प्लेटफार्म मिलेगा, जिसके बाद लाइफ बदल जाएगी। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

सिंह राशि : आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

तुला राशि :आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

धनु राशि : आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

**- ललित गर्ग**

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है।

इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। 卐मानवता केंद्र में卐 का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

## 16 साल से कम उम्र के बच्चों के मोबाइल चलाने पर लगेगा बैन? सीएम ने कुलपतियों से मांगा सुझाव



बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक सरकार राज्य में 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की एक बड़ी योजना पर गंभीरता से विचार कर रही है। छात्रों में तेजी से बढ़ती सोशल मीडिया की लत और नशीली दवाओं के संपर्क में आने के खतरों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। इस अहम मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ चर्चा की और उनसे इस प्रस्तावित प्रतिबंध पर उनकी राय मांगी है। मुख्यमंत्री ने छात्रों के व्यवहार, उनकी शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल फोन के पड़ रहे नकारात्मक प्रभावों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

विदेशी तर्ज पर कड़े कदम उठाने की तैयारी

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कुलपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बच्चे सोशल मीडिया के प्रति जुनूनी हो गए हैं, जो उनके सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोबाइल के माध्यम से बच्चे नशीली दवाओं के जाल में भी आसानी से फंस रहे हैं। सीएम ने ऑस्ट्रेलिया समेत कई अन्य देशों का उदाहरण दिया, जिन्होंने पहले ही छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने जैसे सख्त कदम उठाए हैं। सरकार का मानना है कि मोबाइल फोन के अनियंत्रित इस्तेमाल से छात्रों के आचरण पर बुरा असर पड़ रहा है।

**शिक्षाविदों की प्रतिक्रिया के बाद लिया जाएगा अंतिम फैसला**

कर्नाटक सरकार अन्य देशों की तर्ज पर ही नाबालिग छात्रों को मोबाइल से दूर रखकर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करना चाहती है। इसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए कैंपस में नाबालिग छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर बैन लगाने पर विचार चल रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि चूंकि कुलपति शिक्षा के क्षेत्र की गहरी और व्यावहारिक समझ रखते हैं, इसलिए इस नई नीति को लागू करने में उनकी राय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फिलहाल सरकार अब इन शिक्षा विशेषज्ञों की विस्तृत प्रतिक्रिया और सुझावों का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर ही इस दिशा में कोई अंतिम और ठोस फैसला लिया जाएगा।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर, ड्यूटी पर तैनात 5 जवानों की दर्दनाक मौत

अनुगुल (आरएनएस)। ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार ट्रेलर और पुलिस के वाहन (बोलेरो) के बीच हुई जोरदार आमने-सामने की टक्कर में ड्यूटी पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही जान चली गई, जबकि तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह भीषण दुर्घटना झारसुगुड़ा सदर थाने के ठीक सामने घटी, जिसके बाद इलाके में चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

**टक्कर इतनी भीषण कि उड़ गए गाड़ी के परखच्चे**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम अपने वाहन से ड्यूटी पर थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उनकी बोलेरो को सीधी टक्कर मार दी। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के वाहन के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक घटना में एपीआर जवान काशीराम भोई और देबदत्त सा, ड्रिल सब-इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ के साथ-साथ होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा का मौके पर ही निधन हो गया।

**तीन घायल जवानों की हालत बेहद नाजुक**

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस महकमे की मदद से सभी घायल जवानों को फौरन झारसुगुड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में दो एपीआर जवान और एक सार्जेंट गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, घायलों की स्थिति फिलहाल बेहद नाजुक बनी हुई है और उन्हें डॉक्टरों की कड़ी और गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

# मन की बात में पीएम मोदी का संदेश- समिट के जरिए दुनियां ने देखी भारत की एआई क्षमता

### साइबर ठगों से सावधान रहने के साथ ही पीएम ने की अंगदान करने की अपील

नई दिल्ली,(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड में देश और दुनिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा किए। उन्होंने दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का जिक्र करते हुए कहा कि इस समिट के जरिए दुनिया ने भारत की एआई क्षमता देखी है।

पीएम मोदी ने इस दौरान टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की भागीदारी, ऑर्गन डोनेशन की आवश्यकता, डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों और कृषि क्षेत्र में नवाचार पर विस्तार से चर्चा की।प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, कि दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पेक्ट समिट में अनेक देशों के नेता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, इनोवेटर और टेक कंपनियों के विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही, जिसमें भारत ने अपने तीन स्वदेशी मॉडल भी प्रस्तुत किए। समिट में दो उत्पादों ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया, एक अमूल से जुड़ा, जो पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन में सहायक है, और दूसरा भारतीय संस्कृति से संबंधित। एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों और पांडुलिपियों को संरक्षित करने का प्रदर्शन किया गया, जिसमें सुश्रुत संहिता को पढ़ने योग्य टेक्स्ट में परिवर्तित कर एआई अवतार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसे विभिन्न भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवादित करने की क्षमता भी प्रदर्शित की गई।

**खेलों में भारतीय प्रतिभा का जिक्र**



टी20 वर्ल्ड कप का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि कई देशों की टीमों में भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि कनाडा टीम के कप्तान का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था, जबकि अमेरिका टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीमों से खेल चुके हैं। ओमान, इटली और यूएई की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये खिलाड़ी भारत की प्रतिभा और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक हैं।

**अंग दान पर भावुक अपील**

ऑर्गन डोनेशन पर भावुक अपील करते हुए पीएम ने केरल की 10 महीने की बच्ची आलीन के माता-पिता के फैसले का जिक्र किया, जिन्होंने अपनी बच्ची के अंग दान कर मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि देश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली की लक्ष्मी देवी को हृदय प्रत्यारोपण और राजस्थान के सीकर निवासी रामदेव को किडनी ट्रांसप्लांट से नई जिंदगी मिलने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक दान कई जीवन बचा सकता है।

**साइबर ठगी पर चिंता जाहिर**

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि केवायसी या बैंक संबंधी प्रक्रिया केवल आधिकारिक माध्यम से ही पूरी करें और निजी जानकारी साझा करने से पहले सावधानी बरतें। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने नागरिकों से जागरूक बनने का आह्वान किया।

**केरल के किसानों की उपलब्धि**

कृषि क्षेत्र में नवाचार की चर्चा करते हुए पीएम ने बताया कि केरल के किसान सैकड़ों प्रकार की धान की किस्में उगा रहे हैं और ओडिशा के किसानों ने परंपरागत खेती में तकनीक जोड़कर आय बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि भारत आज 15 करोड़ टन चावल उत्पादन कर रहा है और कृषि उत्पादों का निर्यात भी बढ़ रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मार्कशीट जीवन का अंतिम मापदंड नहीं है, आत्मविश्वास और सतत प्रयास ही सफलता की कुंजी है।

## टैरिफ को लेकर यूएस सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भारत का पहला बयान आया सामने



नई दिल्ली(आरएनएस)। भारत सरकार अमेरिका में मचे टैरिफ घमासान और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उठाए गए नए और आक्रामक कदमों को लेकर पूरी तरह से सतर्क हो गई है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप की पुरानी टैरिफ नीतियों को 'अवैध' करार दिए जाने के बाद, अब केंद्र सरकार इन सभी ताजा घटनाक्रमों और भारतीय व्यापार पर पड़ने वाले इसके संभावित प्रभावों का बारीकी से अध्ययन कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रंप की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद की स्थिति की गहराई से जांच कर रहे हैं ताकि देश के निर्यात पर पड़ने वाले असर को समझा जा सके।अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के कड़े फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दांव चलते हुए सभी देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का नया ग्लोबल टैरिफ लगाने का बड़ा ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस बात की जानकारी देते हुए लिखा कि उन्हें ओवल ऑफिस से सभी देशों पर वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के आदेश पर साइन करते हुए गर्व हो रहा है।



*उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बालावाला देहरादून में विराट हिन्दू सम्मेलन में प्रतिभाग किया।*

## शरद पवार की तबीयत फिर बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ के चलते पुणे के रूबी अस्पताल में भर्ती

पुणे (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) के प्रमुख और दिग्गज राजनेता शरद पवार के स्वास्थ्य को लेकर एक बार फिर चिंताजनक खबर सामने आई है। लगातार कमजोरी महसूस होने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद रविवार को उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ नेता को गंभीर खांसी की भी शिकायत है। उनकी लगातार बिगड़ती तबीयत को देखते हुए अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम उनकी सघन निगरानी कर रही है, जिससे पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में चिंता का माहौल है।

**सुप्रिया सुले ने साझा की स्वास्थ्य की जानकारी**

शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य से जुड़ा ताजा अपडेट साझा किया है। सुप्रिया सुले ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है कि उनके पिता को आगे की नियमित जांच और हाइड्रेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही उन्होंने समय पर इलाज सुनिश्चित करने के लिए



सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का आभार भी व्यक्त किया है। परिवार के सदस्य लगातार अस्पताल में मौजूद हैं और विशेषज्ञों की टीम के संपर्क में हैं।

**9 फरवरी को भी अस्पताल में हुए थे भर्ती**

हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब शरद पवार को अस्पताल का रुख करना पड़ा है। इससे पहले 9 फरवरी को भी गंभीर खांसी और सीने में जकड़न के चलते उन्हें इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, कुछ दिनों के इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार देखा गया था, जिसके बाद बेटी सुप्रिया सुले उन्हें घर वापस ले गई थीं। अस्पताल प्रशासन ने तब भी इस बात की पुष्टि की थी कि उनकी प्राथमिक समस्या गंभीर खांसी ही है। अब एक बार फिर अत्यधिक कमजोरी महसूस होने के बाद उन्हें एहतियातन मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

**भतीजे के निधन और लगातार दौरों से बढ़ी थकान**

हाल ही में एक दर्दनाक विमान दुर्घटना में शरद पवार के भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया था। इस दुखद घटना के बाद से ही शरद पवार मुंबई, बारामती और पुणे स्थित अपने आवासों के बीच लगातार यात्रा कर रहे थे। माना जा रहा है कि इस निरंतर यात्रा और शोक के माहौल ने उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। गौरतलब है कि शरद पवार कैंसर सर्वाइवर भी रहे हैं। साल 2004 से पहले उनके मुख के कैंसर का ऑपरेशन हुआ था और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने भारत तथा अमेरिका में इस बीमारी से जुड़ी कई सर्जरी करवाई हैं।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ी, यौन शोषण मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दिया एफआईआर का आदेश



प्रयागराज , (आरएनएस)। सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरुओं में शुमार और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक बड़े कानूनी विवाद में घिर गए हैं। संगमनगरी स्थित विशेष पॉक्सो अदालत ने उनके और उनके एक करीबी शिष्य के खिलाफ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज करने का सख्त फरमान सुनाया है। इस बड़े आदेश के बाद अब धर्म जगत में भारी हलचल मच गई है और पुलिस जल्द ही इस हाई-प्रोफाइल मामले की तफ्तीश शुरू करने जा रही है।

**नाबालिगों के बयान के बाद अदालत ने सुनाया फैसला**

अदालत ने यह अहम फैसला मामले से जुड़े दो नाबालिग पीड़ितों के बयानों को गंभीरता से सुनने के बाद लिया है। बीते 13 फरवरी को पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया के समक्ष इन दोनों नाबालिगों के बयान वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस की विस्तृत रिपोर्ट का भी बारीकी से अध्ययन किया। तमाम सुबूतों और पुलिस की प्राथमिक जांच को संज्ञान में लेने के बाद अदालत ने पहले अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब झूंसी थाने में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ विधिवत एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस सनसनीखेज मामले को अदालत की चौखट तक पहुंचाने वाले शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी हैं। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत अदालत में यह याचिका दायर की थी। अपनी अर्जी में उन्होंने बेहद संगीन आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वाराणसी स्थित शंकराचार्य के विद्या मठ में मासूम और नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण जैसी घिनौनी वारदातें होती हैं।

## दर्द से फर्श पर तड़पती रही गर्भवती, 'एचआईवी पॉजिटिव' बताकर डॉक्टरों ने डिलीवरी से किया इनकार; हंगामे के बाद जांच शुरू

सोनपुर(आरएनएस)। बिहार के सोनपुर से स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर लापरवाही और अमानवीयता को उजागर करने वाला एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां के अनुमंडलीय अस्पताल में डिलीवरी के लिए आई एक स्वस्थ गर्भवती महिला को अस्पताल कर्मियों ने गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर एचआईवी (HIV) पॉजिटिव बता दिया और उसे छूने तक से साफ इनकार कर दिया। दर्द से कराहती रही इस महिला के साथ हुए इस दुर्व्यवहार के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और अस्पताल परिसर में भारी हंगामा मच गया। यह पूरी घटना सरकारी अस्पतालों में मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और जांच की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

**दर्द से तड़पती रही गर्भवती, पास नहीं फटके स्वास्थ्यकर्मी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नयागांव थाना क्षेत्र की रहने वाली यह गर्भवती महिला अपनी नियमित जांच के लिए पहले भी कई बार इसी अस्पताल में आ चुकी थी। शनिवार सुबह जब उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, तो घबराए हुए परिजन उसे तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच के बाद उसे एचआईवी संक्रमित घोषित कर दिया और डिलीवरी कराने से स्पष्ट मना कर दिया। महिला दर्द से तड़पती रही और उसके परिवार वाले लगातार डॉक्टरों और नर्सों से मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन संक्रमण के कथित डर से कोई भी कर्मचारी उसके पास फटकने को तैयार नहीं हुआ।

**हंगामे के बाद आशा और परिजनों ने कराया सुरक्षित प्रसव**

अस्पताल प्रशासन के इस अमानवीय रवैये को देखकर परिजनों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने अस्पताल परिसर में जमकर बवाल काटना शुरू कर दिया। हंगामे की खबर फैलते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई और स्थिति बेकाबू होने लगी।

## मेरठ में हाई अलर्ट के बीच सनसनीखेज वारदात, पुलिस चौकी के पास मिला युवती का शव; पहचान छिपाने के लिए तेजाब से जलाया चेहरा

मेरठ (आरएनएस)। प्रधानमंत्री के दौरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिले में मौजूदगी के चलते पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। हर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की सघन चेकिंग की जा रही है। लेकिन सुरक्षा की इन तमाम कड़ी व्यवस्थाओं को धता बताते हुए अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। मवाना पुलिस चौकी के ठीक पास कुछ अज्ञात लोग एक युवती का शव फेंक कर फरार हो गए और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

**बेरहमी से कत्ल और तेजाब से जलाया गया चेहरा**

शुरुआती जांच में यह साफ हो गया है कि युवती की बेहद बेरहमी के साथ हत्या की गई है। हत्यारों ने उसकी शिनाख्त मिटाने के खौफनाक मकसद से चेहरे को तेजाब से बुरी तरह जला दिया है। फोरेंसिक टीम की प्राथमिक जांच के अनुसार, युवती की हत्या करीब 24 घंटे पहले किए जाने की आशंका है। मृतका की उम्र लगभग 27 वर्ष बताई जा रही है। उसके शरीर पर काले रंग की लेगी और टीशर्ट है, जबकि सीधे हाथ में एक कड़ा पहना हुआ है। शव से हल्की दुर्गंध भी आने लगी थी। पुलिस का मानना है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई है और शव को केवल ठिकाने लगाने के लिए इस जगह का इस्तेमाल किया गया है।

**फार्म हाउस में आए लोगों की पड़ी नजर**

यह घटना मेरठ-पौड़ी हाईवे पर मवाना खुर्द पुलिस चौकी से कुछ ही कदम की दूरी पर स्थित फ्लाईओवर की सर्विस रोड की है। यहां किनारे पर स्थित भगवती फार्म हाउस को एक कृत्रिम चारदीवारी से कवर किया गया है। शनिवार शाम को फार्म हाउस में कोई कार्यक्रम चल रहा था, जिसके चलते लोगों ने वहां अपने वाहन खड़े किए थे। आते-जाते समय जब लोगों की नजर दीवार के पास पड़ी, तो वहां शव देखकर हड़कंप मच गया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सतेंद्र कुमार और महिला सिपाहियों ने घटनास्थल व शव का बारीकी से मुआयना किया।

**शिनाख्त की कोशिशें तेज, सभी थानों से मांगा गया ब्योरा**

आसपास के लोगों से काफी पूछताछ के बावजूद फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मवाना के सीओ पंकज लवानियां ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया है। चेहरे के बुरी तरह झुलस जाने के कारण पहचान में काफी दिक्कत आ रही है। पुलिस अब डीसीआरबी को सूचित कर जिले के सभी थानों से हाल ही में लापता हुई महिलाओं और युवतियों का ब्योरा जुटा रही है, ताकि जल्द से जल्द मृतका की पहचान सुनिश्चित कर हत्यारों तक पहुंचा जा सके।

## तरनतारन में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, सरपंच हत्याकांड के 2 मुख्य आरोपी एनकाउंटर में गिरफ्तार

तरनतारन (आरएनएस)। पंजाब के तरनतारन स्थित सिद्धू फार्म में बीते दिनों गांव ठट्ठियां महंतां के सरपंच हरबरिंदर सिंह की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। तरनतारन पुलिस और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक संयुक्त कार्रवाई के दौरान इस हत्याकांड में शामिल दो मुख्य आरोपियों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है, जिसके बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच इलाज के लिए तरनतारन के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुरिंदर लांबा ने इस मुठभेड़ की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच हत्याकांड के बाद से ही थाना सरहाली पुलिस और एजीटीएफ की टीमें लगातार विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थीं। इसी कड़ी में जब पुलिस पार्टी गांव नौशहरा पन्नुआं के एक सूए (नहर) के पास गश्त कर रही थी, तभी सामने से मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो आरोपियों ने सरेंडर करने के बजाय भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर सीधे फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों द्वारा की गई इस अचानक फायरिंग के बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा और आरोपियों को रोकने के लिए जवाबी फायरिंग की। इस गोलीबारी में एक आरोपी की टांग पर और दूसरे के घुटने पर गोली लगी, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को तुरंत काबू कर लिया।

# ऋचा चड्ढा ने बयां किया करियर का शुरुआती अनुभव



अभिनेत्री और निर्माता ऋचा चड्ढा ने अपने करियर की शुरुआत के दौरान एक कड़वे अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति पर वह बहुत भरोसा करती थीं, उसने उनके हितों के खिलाफ काम किया और उन्हें धोखा दिया था। ऋचा ने बताया कि इस घटना से उन्हें यह सबक मिला कि हर कोई आपका ध्यान नहीं रख सकता या आपके बारे में नहीं सोच सकता। ऋचा ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मुझे यह कड़वा सबक मिला कि हर कोई आपका इतना ध्यान नहीं रखता। मैं भोली थी। कुछ लोग थोड़े से अंतर से भी खतरा महसूस करते हैं और नहीं चाहते कि आप उनसे आगे निकल जाएं या उनकी स्पॉटलाइट छीन लें। यह अनुभव उनके लिए काफी परेशान करने वाला था, लेकिन इससे उन्होंने अपनी पसंद का बचाव करना और सही लोगों पर भरोसा करना सीखा। उन्होंने इंडिपेंडेंट फिल्ममेकर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह उनसे संपर्क करने में हिचकिचाएं नहीं। आम धारणा है कि बड़े एक्टर्स से अप्रोच करना मुश्किल होता है, लेकिन ऋचा ने इसे गलत बताया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, एक सोच है कि हमसे संपर्क करना कठिन है, लेकिन यह सच नहीं। मेरे लिए सिर्फ अच्छी स्क्रिप्ट, सच्ची राइटिंग और कहानी का असर मायने रखता है। मैं हमेशा सही कहानियों का हिस्सा बनना चाहती हूं।

ऋचा ने शुरुआती दिनों में कम आंके जाने की बात भी कही। वह चाहती हैं कि इंडी क्रिएटर्स बिना झिझक के अच्छे रोल और कहानियों के लिए संपर्क करें।

ऋचा एक नई नॉन-फिक्शन सीरीज का निर्माण कर रही हैं। इसके जरिए ऋचा का मकसद दर्शकों को जानी-पहचानी जगहों को नई नजर से देखने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही कम जानी-पहचानी कहानियों को उजागर कर भारत की सांस्कृतिक गहराई और इंसानी जज्बे को सेलिब्रेट करना है।

यह सीरीज ट्रैवल, कल्चर और भारत भर में लोगों और जगहों को परिभाषित करने वाली कहानियों पर आधारित होगी। यह जिज्ञासा और सहानुभूति से प्रेरित कहानी है। सीरीज भारत की विविधता समुदायों, परंपराओं और जीवन अनुभवों की कहानी को दिखाएगी। दर्शकों को आज के नजरिए से संस्कृति का जीवंत और इमर्सिव अनुभव मिलेगा।

# एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स की अगली भव्य फ़ीचर फ़िल्म में अनूपमा परमेश्वरन

एस के जी एंटरटेनमेंट और बेंचमार्क स्टोरीटेलर्स ने अपनी आगामी फ़ीचर फ़िल्म की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसमें पैन-साउथ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनूपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी। यह एक सघन मनोवैज्ञानिक थ्रिलर होगी, जिसका निर्देशन शान करेंगे और निर्माण शिविन नरंग, प्रेरणा अरोड़ा और किरण बल्लापल्ली द्वारा एक अग्रणी स्टूडियो के सहयोग से किया जाएगा। यह फ़िल्म निर्देशक शान के साथ अनूपमा परमेश्वरन की बड़े पर्दे पर वापसी का प्रतीक है। इससे पहले दोनों की लघु फ़िल्म को जबरदस्त सराहना मिली थी। डिजिटल मंच पर मिली उस सफलता के बाद अब यह सहयोग एक पूर्ण रूप से सिनेमाई अनुभव में परिवर्तित हो रहा है, जिसमें व्यापक पैमाना, गहराई और प्रभाव देखने को मिलेगा। फ़िल्म की शूटिंग मई 2026 से शुरू होने वाली है, जबकि शीर्षक की घोषणा बाद में की जाएगी। इस परियोजना की घोषणा अनूपमा परमेश्वरन के जन्मदिन के अवसर पर की गई, जिससे यह पल और भी विशेष बन गया। निर्माताओं ने अभिनेत्री को शुभकामनाएँ देते हुए एक भावनात्मक और सशक्त सिनेमाई यात्रा की झलक भी पेश की।इस सहयोग पर अपनी बात रखते हुए निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने कहा,इस फ़िल्म में अनूपमा परमेश्वरन के साथ काम करना मेरे लिए बेहद खास है। उनमें सहज आत्मविश्वास, भावनात्मक सच्चाई और पात्रों को गहराई से समझने की दुर्लभ क्षमता है, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों से सीधे जुड़ती है। अलग-अलग भाषाओं में दर्शकों के साथ उनका स्वाभाविक जुड़ाव मैंने हमेशा सराहा है। यह परियोजना उनके अभिनय की ताक़त को नए स्तर पर प्रस्तुत करने का एक आदर्श मंच है। उन्हें इस फ़िल्म का नेतृत्व करते हुए देखकर मैं सचमुच उत्साहित हूँ और इस रचनात्मक यात्रा की शुरुआत का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूँ।एस के जी एंटरटेनमेंट ने हाल ही में जटाधारा रिलीज़ की है, जिससे उसके विविध और मज़बूत प्रोडक्शन स्लेट को और मजबूती मिली है। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित निर्माता प्रेरणा अरोड़ा इससे पहले रुस्तम, टॉयलेट- एक प्रेम कथा, पैड मैन और परी जैसी चर्चित फ़िल्मों का निर्माण कर चुकी हैं और निरंतर कंटेंट-प्रधान तथा दर्शक-केंद्रित सिनेमा का समर्थन करती रही हैं।अनूपमा परमेश्वरन आज दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा और मांग में रहने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं। प्रेमम, कार्तिकेय 2, डीजे टिल्लू और



राक्षसुडु जैसी फ़िल्मों में उनके अभिनय को व्यापक सराहना मिली है। वे तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा में लगातार दर्शकों का दिल जीतती आ रही हैं और पैन-इंडियन पहचान बनाए हुए हैं।


मजबूत शैली, अनुभवी रचनात्मक टीम और केंद्रीय भूमिका में प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, अनूपमा परमेश्वरन और प्रेरणा अरोड़ा का यह सहयोग दर्शकों के लिए एक यादगार और रोमांचक सिनेमाई अनुभव लेकर आने के लिए तैयार है।

## आ गया कोंकणा सेन शर्मा की अक्यूज्ड का ट्रेलर, 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी साइकोलॉजिकल थ्रिलर

नेटफ्लिक्स ने इस महीने की शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज होने जा रहीं फिल्मों और सीरीज का ऐलान किया था। इसमें साइकोलॉजिकल थ्रिलर अक्यूज्ड का नाम भी शामिल था, जिसने दर्शकों के बीच हलचल पैदा कर दी। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर अक्यूज्ड का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया गया, जो सस्पेंस और थ्रिलर से भरा हुआ है। अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा लीड रोल में नजर आने वाली हैं। अक्यूज्ड के ट्रेलर की बात करें तो ये पोलैंड में सेट एक सस्पेंस-ड्रामा है, जिसकी कहानी का केंद्र डॉक्टर गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा) और उसकी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) हैं। गीतिका, पोलैंड के एक जाने-माने हॉस्पिटल में एचओडी के तौर पर काम कर रही है और एक मशहूर गायनेकोलॉजिस्ट है। वह डीन बनने की तैयारी कर रही है और अपनी पार्टनर मीरा के साथ मिलकर बच्चे अडॉप्ट करने की प्लानिंग करती है। तभी वो सोशल मीडिया पर ट्रोल्स के निशाने पर आ जाती है। उस पर यौन दुराचार के आरोप लगते हैं, जिसके चलते गीतिका की प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में भूचाल आ जाता है। इसके पीछे कौन है और सच क्या है, इसका पता अक्यूज्ड देखने पर ही चलेगा।जानकारी के लिए बता दें कि अक्यूज्ड का निर्माण करण जौहर, आदर पूनावाला, अपूर्वा मेहता और सोमेन मिश्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगी।

## रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म केएचएक्सआरके का प्रोमो वीडियो जारी

लगभग आधी सदी (47 साल) के लंबे इंतजार के बाद, दक्षिण भारतीय सिनेमा के दो सबसे बड़े महानायक रजनीकांत और कमल हासन एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं. इस फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम अभी नहीं बताया गया है. फिलहाल इस मेगा-प्रोजेक्ट को अस्थायी रूप से केएचएक्सआरके नाम दिया गया है.




शनिवार को इस फिल्म के निर्माताओं ने इसका पहला प्रोमो वीडियो जारी किया. इस प्रोमो वीडियो में एक जबरदस्त रेट्रो और गैंगस्टर-स्टाइल थीम दिखाई गई है. वीडियो की शुरुआत काफी मजेदार अंदाज में होती है, जहां निर्देशक नेल्सन को एक गलियारे में घबराहट के साथ चलते हुए देखा जा सकता है. वे इस उलझन में नजर आते हैं कि उन्हें पहले रजनीकांत के कमरे में जाना चाहिए या कमल हासन के.ठीक उसी समय, संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर अपनी एक अलग दुविधा के साथ वहां आते हैं. वे नेल्सन से पूछते हैं कि उन्हें फिल्म के संगीत के लिए कौन सा राग चुनना चाहिए. अपनी दो उंगलियां दिखाते हुए, अनिरुद्ध नेल्सन को संदेह होने पर कोई एक चुन लें वाला क्लासिक तरीका अपनाने का सुझाव देते हैं.अनिरुद्ध को फैसला लेने में मदद करने के बाद, नेल्सन इसी ट्रिक का इस्तेमाल अपनी बड़ी उलझन सुलझाने के लिए करते हैं. यानी दोनों दिग्गजों में से किसी एक को चुनने के लिए. इसके बाद एक मजेदार मोंटाज (दृश्यों का सिलसिला) आता है, जिसमें नेल्सन दोनों अभिनेताओं को तैयार होने में मदद करते हुए दिखाई देते हैं.वे मजाकिया अंदाज में उनके सामान और कपड़ों को आपस में मिला देते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ दावा करते हैं कि एक खास जूता रजनीकांत का है, जिससे दोनों सितारे साफ तौर पर चिढ़ते हुए नजर आते हैं.

## रवि किशन की सीरीज साइको सैयां का ट्रेलर जारी, 25 फरवरी एमएक्स प्लेयर पर देगी दस्तक



रवि किशन की आगामी रोमांटिक थ्रिलर वेब सीरीज साइको सैयां का आधिकारिक ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें अनुद सिंह ढाका, तेजस्वी प्रकाश और सुरभि चांदना भी प्रमुख किरदारों में हैं। उज्जैन, कटनी और जॉर्जिया के बैकग्राउंड पर बनी इस सीरीज की कहानी आम प्रेम-कहानियों से बिल्कुल अलग है। ट्रेलर एक फिल्मी रोमांस की तरह शुरू होता है, जो धीरे-धीरे अपने गहरे रहस्य को उजागर करता है। देखते ही देखते कहानी जुनून से बदले की ओर रुख कर लेती है।साइको सैयां के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज तारीख का एलान भी किया गया है। यह सीरीज 25 फरवरी से एमएक्स प्लेयर पर दस्तक देने के लिए तैयार है। दर्शक इसका लुत्फ फ्री में उठा सकेंगे। तेजस्वी इस सीरीज के जरिए ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने चारू नाम की लड़की का किरदार निभाया है। ट्रेलर से संकेत मिलता है कि कहानी आपसी टकराव, बढ़ती आपराधिक शक्तियों, भावनात्मक हेरफेर और लगातार कमजोर होते रिश्तों पर केंद्रित है।

# हैंडबैग का इस तरह से रखें ध्यान, लंबे समय तक रहेंगे सही



हैंडबैग न केवल हमारे सामान को समेटने का काम करता है, बल्कि हमारे लुक को भी पूरा करता है। हालांकि, अक्सर हम इसे इस्तेमाल करने के बाद यूं ही कहीं रख देते हैं और इसका सही तरीके से ख्याल नहीं रखते। इससे इसकी चमक और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान उपाय बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपने हैंडबैग को लंबे समय तक सही रख सकते हैं।

### हैंडबैग को साफ रखें

हैंडबैग को साफ रखना बहुत जरूरी है। अगर आपके हैंडबैग पर कोई दाग या गंदगी लग गई है तो उसे तुरंत साफ करें। इसके लिए आप हल्के साबुन और पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा पानी न डालें क्योंकि इससे बैग का आकार बिगड़ सकता है। अगर आपका हैंडबैग चमड़े का है तो उसे साफ करने के लिए खास चमड़े का सफाई करने वाला पदार्थ इस्तेमाल करें।

### सही तरीके से रखें

हैंडबैग को सही तरीके से रखना भी जरूरी है। अगर आप अपने हैंडबैग को लंबे समय तक सही रखना चाहते हैं तो उसे सही जगह पर रखें। इसे किसी ठंडी और सूखी जगह पर रखें ताकि नमी और धूल से बचा जा सके। अगर आपके पास हैंडबैग के लिए खास डिब्बा हो तो उसमें रखें। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी और ये लंबे समय तक सही रहेगा।

### भारी सामान न रखें

हैंडबैग में भारी सामान रखने से इसका आकार बिगड़ सकता है और यह जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए हमेशा अपने हैंडबैग में हल्का और जरूरी सामान ही रखें। भारी किताबें या लैपटॉप जैसे भारी सामान को अलग बैग में रखें ताकि आपके हैंडबैग का आकार बना रहे और यह लंबे समय तक सही रहे। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी और यह लंबे समय तक सही रहेगा।

### धूप से बचाएं

धूप में लंबे समय तक रखने से आपके हैंडबैग की चमक फीकी पड़ सकती है इसलिए इसे धूप से बचाकर रखें। जब भी आपका बैग न पहनने वाला हो तो उसे किसी बंद दराज या डिब्बे में रखें ताकि धूल-मिट्टी और धूप से बचा रहे। अगर आप अपने बैग को लंबे समय तक सही रखना चाहते हैं तो उसे सही जगह पर रखें और समय-समय पर साफ करते रहें। इससे आपके बैग की चमक और गुणवत्ता बनी रहेगी।

### नियमित रूप से जांचें

अपने बैग की नियमित रूप से जांच करना जरूरी है ताकि किसी भी तरह की समस्या समय रहते हल हो सके। समय-समय पर बैग की सिलाई, हैंडल और जिपर्स आदि की जांच करते रहें ताकि कोई टूट-फूट न हो। अगर कहीं सिलाई ढीली हो रही हो तो उसे तुरंत ठीक कर लें। इसके अलावा बैग को समय-समय पर साफ करते रहें ताकि उसकी चमक और गुणवत्ता बनी रहे।

# सहजन के फूलों से भी बनाए जा सकते हैं कई लजीज पकवान, जानिए 5 आसान रेसिपी

सहजन का इस्तेमाल खान-पान में खास तौर से किया जाता है। हालांकि, इसके फूलों को जल्दी उपयोग नहीं किया जाता। ये फूल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं। सहजन के फूलों में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं। आइए आज हम आपको सहजन के फूलों से बनने वाले कुछ खास व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं।



### सहजन के फूलों की टिक्की

सहजन के फूलों की टिक्की एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आप शाम की चाय के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आलू को मैश करें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च और मसाले मिलाएं। अब इस मिश्रण से छोटी-छोटी टिक्कियां बनाकर तवे पर सेंकें या तेल में तलें। ये टिक्कियां कुरकुरी और स्वादिष्ट होती हैं, जो हर किसी को पसंद आती हैं।

### सहजन के फूलों की सब्जी

सहजन के फूलों की सब्जी एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप किसी भी खास मौके पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और मसालों का तड़का लगाएं। इसके बाद इसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल डालें और उन्हें पकने दें। इस सब्जी को धीमी आंच पर पकाएं, ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं। इसे रोटी या चावल के साथ खाया जा सकता है। आप इसमें सहजन के पौधे के अन्य हिस्से भी डाल सकते हैं।

### सहजन के फूलों की चटनी

अगर आप अपने खाने में कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो सहजन के फूलों की चटनी जरूर बनाएं। इसके लिए सबसे पहले सूखे नारियल को भून लें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, हरी मिर्च, लहसुन, अदरक और नमक मिलाकर पीस लें। इस चटनी को दाल-रोटी या पराठे के साथ खाया जा सकता है। यह चटनी आपके खाने का स्वाद बढ़ा देगी और उसके पोषण मूल्य को भी बढ़ा देगी।

### सहजन के फूलों की खीर

खीर तो आपने कई तरह की खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी सहजन के फूलों की खीर चखकर देखी है? अगर नहीं तो इसे एक बार जरूर बनाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले दूध उबालें, फिर उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल डालें और पकने दें। अब इसमें चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं और गाढ़ा होने तक पकाएं। इस खीर को ठंडा करके परोसें और ऊपर से मेवे डालना न भूलें।

### सहजन के फूलों का रायता

रायता खाने के साथ एक अच्छा संगत होता है। सहजन के फूलों का रायता बनाने के लिए दही को फेंट लें। इसके बाद उसमें बारीक कटे हुए सहजन के फूल, भूना हुआ जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा काला नमक मिलाएं। इस रायते को ठंडा करके अपने खाने के साथ परोसें। यह रायता आपके खाने को और भी खास बना देगा और पेट को भी फायदा पहुंचाएगा। आप इसमें अन्य सब्जियां भी डाल सकते हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में की एयरस्ट्राइक, टीटीपी के 7 ठिकाने तबाह; कई लोगों की मौत

इस्लामाबाद (ए.) । पाकिस्तान ने रविवार तड़के अफगानिस्तान सीमा से सटे इलाकों में आतंकी ठिकानों पर जोरदार हवाई हमले किए हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए इस चुनिंदा ऑपरेशन में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और दाएश खोरासान प्रांत (डीकेपी) के सात शिविरों को मुख्य रूप से निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक गुट के ठिकानों पर भी यह प्रहार किया गया है।



पाकिस्तानी जनरल अपनी आंतरिक नाकामियों और कमजोरियों को छिपाने के लिए इस तरह के जघन्य अपराधों का सहारा ले रहे हैं।

### अफगानिस्तान का पलटवार और नागरिकों की मौत का दावा

पाकिस्तानी सेना की इस कार्रवाई पर अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर सीमा लांघते हुए नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में आम नागरिकों पर बमबारी की है। उनके अनुसार, इस हमले में महिलाओं और बच्चों समेत दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए हैं। मुजाहिद ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि

### आत्मघाती हमलों का प्रतिशोध

पाकिस्तानी मीडिया और सूचना मंत्रालय के हवाले से बताया गया है कि यह कार्रवाई फितना अल ख्वारिज (एफएके) और उसके सहयोगी संगठनों के खिलाफ की गई है। मंत्रालय ने यह दावा किया कि रमजान के दौरान इस्लामाबाद, बाजौर और बन्नू में हुए हालिया आत्मघाती हमलों के सटीक जवाब में यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया। इस्लामाबाद का स्पष्ट आरोप है कि ये बम विस्फोट अफगानिस्तान में बैठे आतंकी आकाओं के निर्देश पर किए गए थे, जिसकी जिम्मेदारी टीटीपी और दाएश से जुड़े गुटों ने ली थी।

### अंतरराष्ट्रीय चेतावनी और कड़ा संदेश

इस सीमा पार कार्रवाई के बीच पाकिस्तान का विदेश कार्यालय भी सख्त रुख अपना रहा है। पाकिस्तान का कहना है कि वह अफगान तालिबान से लगातार यह अपील करता रहा है कि वे अपनी धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान विरोधी आतंकी गतिविधियों के लिए न होने दें, हालांकि खुद पाकिस्तान पर लंबे समय से आतंकी संगठनों को पनाह देने के आरोप लगते रहे हैं। बाजौर हमले के बाद पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जाने और अफगानिस्तान के भीतर निशाना बनाने का अधिकार रखता है। पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी मांग की है कि वह दोहा समझौते के तहत अफगानिस्तान पर दबाव बनाए, ताकि आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप का नया दांव : वैश्विक टैरिफ 10प्रतिशत से बढ़ाकर 15प्रतिशत किया, 24 फरवरी से होगा लागू

वॉशिंगटन (ए.) । अमेरिका के राष्ट्रपति Donald Trump ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके वैश्विक टैरिफ आदेश को रद्द किए जाने के बाद बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। यह नया टैरिफ 24 फरवरी से लागू होगा और फिलहाल 150 दिनों तक प्रभावी रहेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट और प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे बेहद खराब तरीके से लिखा गया और अमेरिका के हितों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि उनका नया कदम पूरी तरह कानूनी और परखा हुआ है।सुप्रीम कोर्ट ने IEEPA के इस्तेमाल को बताया अवैध दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रंप प्रशासन द्वारा International Emergency Economic Powers Act (IEEPA) के तहत लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया था।

## ईरान का कड़ा कदम : यूरोपीय संघ की सेनाओं को आतंकी घोषित किया, परमाणु मुद्दे पर बढ़ा तनाव

ईरान (ए.) । ईरान ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों की नौसेना और वायु सेना को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कदम वर्ष 2019 में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के जवाब में उठाया गया है।



### अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत बताई गई कार्रवाई

ईरान के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा आईआरजीसी के खिलाफ की गई कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है। मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय पारस्परिक जवाबी कार्रवाई के तहत लिया गया है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि 2019 में अमेरिका द्वारा आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद ईरान ने पारस्परिक कार्रवाई संबंधी कानून के अनुच्छेद 7 के तहत यह कदम उठाया है। इस कानून के अनुसार, जो भी देश अमेरिका के इस निर्णय का समर्थन या अनुसरण करेगा, उसके खिलाफ ईरान पारस्परिक कार्रवाई करेगा।

### ISIS और अल-कायदा की श्रेणी में रखा गया

यूरोपीय संघ द्वारा आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के बाद इसे इस्लामिक स्टेट (Islamic State) और अल-कायदा (Al-Qaeda) जैसी आतंकी संगठनों की श्रेणी में रखा गया है। इस निर्णय के बाद दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक तनाव और बढ़ गया है।

## अगर इजराइल चाहे तो वह पूरे मिडिल ईस्ट पर कर सकता है कब्जा

### अमेरिकी राजदूत का विवादित बयान पर अरब देशों ने जताया कड़ा विरोध



दोहा,(ए.)। अमेरिकी राजदूत के एक बयान पर मिडिल ईस्ट में नया विवाद खड़ा हो गया है। इजराइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने मिडिल ईस्ट के देशों को लेकर कहा कि अगर इजराइल चाहे तो वह सब कब्जा कर सकता है। इस टिप्पणी के बाद 14 अरब और इस्लामिक देशों ने संयुक्त बयान जारी कर इसकी कड़ी निंदा की है। यह बयान एक इंटरव्यू के दौरान आया। जिसमें राजदूत से पूछा कि क्या आधुनिक इजराइल का दावा उस भूभाग पर हो सकता है, जो इराक की यूफ्रेटीस नदी से लेकर मिस्र की नील नदी तक फैला है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया, अगर वे सब ले लें तो भी ठीक होगा यानी अगर इजराइल इलाके पर भी कब्जा कर ले तो वो सही होगा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार रात दोहा से जारी संयुक्त बयान में कतर, मिस्र, जॉर्डन, यूएई, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किये, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान, बहरीन, लेबनान, सीरिया और फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालयों ने इन टिप्पणियों को खतरनाक और भड़काऊ बताया। साथ ही गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल, अरब लीग और ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन के सचिवालयों ने भी इस पर आपत्ति जताई। संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस तरह की बातें यह संकेत देती हैं कि इजराइल को अरब देशों की जमीन पर कब्जे का अधिकार मिल सकता है, जिसमें कब्जे वाला वेस्ट बैंक भी शामिल है। हस्ताक्षर करने वाले देशों ने साफ कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों या किसी अन्य अरब भूमि पर इजराइल की कोई संप्रभुता नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक बयान में यह भी कहा गया कि ऐसी टिप्पणियां अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन हैं और क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

## आसमान का नया सुल्तानः तुर्की के पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट कान ने दुनिया को चौंकाया

अंकारा,(ए.)। रक्षा तकनीक और लड़ाकू विमानों की दुनिया में तुर्की ने एक ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए अपने स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के सुपरसोनिक स्टील्थ फाइटर जेट कान को वैश्विक मंच पर पेश कर दिया है। इसे केवल एक विमान नहीं, बल्कि तुर्की की सैन्य आत्मनिर्भरता के बढ़ते प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका के एफ-35 जैसे अदृश्य (स्टील्थ) गुणों और फ्रांस के राफेल से भी अधिक तेज रफ्तार के साथ कान ने दुनिया की महाशक्तियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।




इस जेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सुपरक्रूज क्षमता है, जो इसे दुश्मन के रडार की नजरों से बचकर ध्वनि की गति से भी तेज उड़ान भरने में सक्षम बनाती है। इसके आने से न केवल तुर्की की सामरिक शक्ति बढ़ी है, बल्कि पड़ोसी देशों और वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों के बीच नई रणनीतिक चिंताएं भी पैदा हो गई हैं।

तुर्की का यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट, जिसे टीएफ-एक्स के नाम से भी जाना जाता है, अब अपने परीक्षण के सबसे उन्नत चरणों में पहुंच चुका है।

## अमेरिका के पूर्वी तट पर बर्फीले तूफान की चेतावनी, 1500 से अधिक उड़ानें रद्द; बाढ़ का भी खतरा

वॉशिंगटन (ए.) । अमेरिका के पूर्वी तट पर बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट और मौसम विभाग की माने तो तीव्र हो रहे शीतकालीन तूफान के कारण मध्य अटलांटिक और उत्तरपूर्वी अमेरिका में भारी बर्फबारी, तेज हवाएं और तटीय क्षेत्रों में बाढ़ आने की आशंका है। इसके चलते न्यूयॉर्क और बोस्टन सहित प्रमुख शहरों में बर्फीले तूफान की चेतावनी जारी की गई है, जिसकी वजह से 1500 से अधिक उड़ानें रद्द हो गई हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने कहा कि दक्षिणपूर्वी क्षेत्र में बना निम्न दबाव रविवार सुबह तक दक्षिणी मध्य अटलांटिक तट की ओर बढ़ेगा और शाम तक तेजी से गहरा होकर पूर्वी तट के साथ उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा। अपने नवीनतम अल्पकालिक पूर्वानुमान में, केंद्र ने उत्तर-पूर्व के लिए एक बड़े शीतकालीन तूफान और उत्तरी मध्य अटलांटिक और उत्तर-पूर्व के लिए भारी बर्फबारी की चेतावनी दी है।मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कभी-कभी एक इंच प्रति घंटे से अधिक की दर से बर्फबारी होगी, जिससे कुल बर्फबारी एक से दो फीट तक हो सकती है, जिसकी वजह से यात्रा लगभग असंभव हो जाएगी। इसमें यह भी कहा गया है कि यह प्रणाली मध्य अटलांटिक तट से दूर एक निम्न दबाव प्रणाली के तेजी से तीव्र होने के कारण रविवार से सोमवार तक मध्य अटलांटिक और उत्तर-पूर्व में व्यापक रूप से गंभीर प्रभाव डालेगी।बता दें कि डेलावेयर से लेकर दक्षिण-पूर्वी न्यू इंग्लैंड तक तटीय क्षेत्रों में बर्फीले तूफान की स्थिति का पूर्वानुमान है। मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि दृश्यता में भारी कमी के कारण इन क्षेत्रों में यात्रा बेहद खतरनाक हो जाएगी, और तटीय न्यू जर्सी से लेकर दक्षिण-पूर्वी न्यू इंग्लैंड तक 40 से 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलने की आशंका है।

# खेल समाचार

## शिखर धवन ने की दूसरी शादी, अपनी गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ लिए फेरे

नईदिल्ली,(ए.)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 40 साल की उम्र में दूसरी शादी कर ली है। उन्होंने अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ सात फेरे लिए हैं। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आ गई हैं। आयरलैंड की रहने वाली सोफी और धवन लंबे वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। इसके बाद गत 12 जनवरी को दोनों ने सगाई करते हुए सोशल मीडिया पर इसका खुलासा किया था। सोफी एक सफल आयरिश प्रोडक्ट कंसल्टेंट हैं। उनके पास लिमरिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से मार्केटिंग और प्रबंधन की डिग्री है। उन्होंने आयरलैंड के कैसलरॉय कॉलेज से पढ़ाई की है। फिलहाल वह अबू धाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉर्पोरेशन की सेकंड वाइस प्रेसिडेंट हैं। ग्लैमरस लुक और स्टाइलिश फोटोज के कारण उन्होंने सोशल मीडिया पर भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है, लेकिन वह लाइमलाइट से दूर ही रहना पसंद करती हैं।



धवन और सोफी बीते करीब 2 सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों को पहली बार दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के एक मैच के दौरान साथ देखा गया था। उन्हें एक मीडिया सम्मेलन में भी देखा गया था, जहां पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने संकेत दिया कि उन्हें एक बार फिर प्यार मिल गया है। उसके बाद मई 2025 में उन्होंने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया था और जनवरी 2026 में सगाई कर ली थी।बता दें यह धवन की दूसरी शादी है। उन्होंने साल 2012 में किकबॉक्सर आयशा मुखर्जी से शादी की थी। उस शादी से उनके एक बेटा जोरावर और आयशा की पहले की दो बेटियां थीं। हालांकि, 2023 में दोनों का तलाक हो गया था। तलाक मंजूर करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि धवन को मानसिक आघात पहुंचा है, क्योंकि उनकी पूर्व पत्नी ने उन्हें कई वर्षों तक उनके इकलौते बच्चे से दूर रखा था।

## भारत लगभग सभी की पहली पसंद, बाकी टीमों पर बंटी एक्सपर्ट्स की राय




### टी20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में एक्सपर्ट्स की भविष्यवाणी

नई दिल्ली (ए.)। टी20 विश्व कप 2026 का रोमांच मोड पर है। आठ टीमें दो ग्रुप में बंटी हैं और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप-1 में भारत, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे शामिल हैं, जबकि ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें उतरेंगी। इन मुकाबलों से पहले स्टार स्पोर्ट्स के छह क्रिकेट विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी भविष्यवाणियां रखी हैं, जिनमें सेमीफाइनल टीमों को लेकर राय दो धड़ों में बंटी दिखी। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनलिस्ट बताया है। उन्होंने भारत और श्रीलंका की घरेलू परिस्थितियों में मजबूती को अहम कारण माना, जबकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को संतुलित टीम बताते हुए टॉप-4 में जगह के लायक बताया। पुजारा के हिसाब से पाकिस्तान, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज का सफर सुपर-8 में ही खत्म हो जाएगा।

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल का दावेदार माना। उनके अनुसार पाकिस्तान, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें सुपर-8 में ही रुक जाएंगी। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी चहल की ही राय से सहमत दिखे और उन्होंने भी इन्हीं चार टीमों को अंतिम-4 में जगह बनाने योग्य माना। वहीं, स्टार स्पोर्ट्स विशेषज्ञ पैनल में शामिल दो पूर्व खिलाड़ियों संजय बांगर और वरुण एरोन ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल का प्रबल दावेदार माना है। बांगर के अनुसार भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान अंतिम-4 में पहुंचेंगे, जबकि एरोन ने भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और पाकिस्तान को टॉप-4 चुना।

पूर्व चयनकर्ता सबा करीम ने भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और इंग्लैंड को सेमीफाइनल की टीम माना। कुल मिलाकर, छह में से चार एक्सपर्ट्स ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर बताया, जबकि दो का मानना है कि पाकिस्तान सुपर-8 में उलटफेर कर सकता है। भारत सभी विशेषज्ञों की पहली पसंद बना हुआ है और उसकी सुपर-8 में जीत की उम्मीदें सबसे मजबूत मानी जा रही हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 26 की सेमी फाइनलिस्ट टीम पर स्टार स्पोर्ट्स एक्सपर्ट की भविष्यवाणी

चेतेश्वर पुजारा - भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड।
युजवेंद्र चहल - भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड।
मोहम्मद कैफ - भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड।
वरुण एरोन - भारत, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, पाकिस्तान।
संजय बांगर - भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान।
सबा करीम - भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और इंग्लैंड।

## पांड्या ने बेटे अगस्त्या को उपहार में दी करोड़ों की एसयूवी

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी महंगी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वह हमेशा महंगी घडियां पहने दिखते हैं। इसी कड़ी में अब हार्दिक ने अपने पांच साल के बेटे अगस्त्या को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दी है। पांड्या का सर्बियाई अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक से तलाक हो गया है पर बेटे का ध्यान दोनो ही मिलकर रहते हैं। अगस्त्या की कस्टडी हालांकि नताशा को मिली है पर हार्दिक उनसे मिलते रहते हैं। इतने छोटे से बेटे को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दिये जाने से लोग हैरान दी क्योंकि उनके बेटे की उम्र अभी खिलौनों से खेलने की है। सोशल मीडिया पर हार्दिक के अपने बेटे अगस्त्या और पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक को दिए गए उपहार की तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें हार्दिक का बेटा और नताशा लैंड रोवर डिफेंडर कार लेते दिख रहे हैं। तस्वीर में वेलकम नोट पर साफ-साफ लिखा हुआ है पापा टू अगस्त्या। पांड्या ने लैंड रोवर डिफेंडर का कौन सा मॉडल अगस्त्या को उपहार में दिया है ये अभी साफ नहीं हुआ है पर डिफेंडर की कीमत एक करोड़ से लेकर 4 करोड़ के बीत है। ऐसे में ये करोड़ों की एसयूवी कार है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लैंड रोवर डिफेंडर का टॉप एंड मॉडल है, जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ रुपये है। पांड्या के पास पहले से ही डिफेंडर कार है। इस बार भी उसी शोरूम से उन्होंने यह डिफेंडर खरीदी है, जिससे पहले उन्होंने इस ब्रांड की कार खरीदी थी।



## टी-20 विश्व कप 2026, सुपर-8ः न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान मुकाबला बारिश के चलते रद्द हुआ

### -दोनों टीमों को मिले एक-एक पॉइंट

नईदिल्ली,(ए.)। टी-20 विश्व कप 2026 में शनिवार को ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच खेला जाने वाला सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश के चलते रद्द हो गया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में निर्धारित इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन बारिश के कारण मैच शुरू ही नहीं हो पाया।

पाकिस्तान कप्तान आघा सलमान ने शाम 6:30 बजे हुआ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसके बाद लगातार आई तेज बारिश आने के कारण मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बिगड़ते हालातों को देखते हुए रात करीब 09:07 बजे मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने मैच रद्द घोषित कर दिया गया। इससे पहले 5 ओवर के मैच का कट-ऑफ टाइम भारतीय समयानुसार रात 10:16 बजे निर्धारित किया गया था।

इस मैच में रद्द होने से दोनों टीमों को 1-1 अंक तो मिल गया है, लेकिन अब दोनों टीमों के लिए सेमीफाइनल की राह चुनौतीपूर्ण हो गई है। उनके ग्रुप में इंग्लैंड और श्रीलंका 2 अन्य टीमें है। इन दोनों टीमों के खिलाफ उनके मैच अहम हो जाएंगे। अगर, दोनों टीमें अपने दोनों मुकाबले जीतती हैं, तो दोनों के 5-5 अंक हो जाएंगे। ऐसे में दोनों की स्थिति समान होगी। हालांकि, एक हार की स्थित में परिदृश्य बदल सकते हैं।

## भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराकर दूसरी बार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

बैंकॉक (ए.)। तेजल हसनबिस के अर्धशतक से भारत ए टीम ने यहां खेले गये एशिया कप महिला राइजिंग स्टार्स के फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रनों से हराकर खिताब जीता है। भारत की ओर से तेजल ने 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये। वहीं इसके बाद लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने भी 12 रन देकर तीन विकेट लिए ।इस मैच में भारत ए ने एक समय 44 रन पर 4 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद हसनबिस ने कप्तान राधा यादव के साथ पारी को संभाला। राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाये। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई। इससे भारत ए टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन तक पहुंची। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ए टीम टिक नहीं पायी और 19.1 ओवर में 88 रन पर ही आउट हो गयी। बांग्लादेश ए टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही 12 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया।



## टी-20 विश्व कप 2026ः सुनील गावस्कर ने सुपर-8 प्रणाली के लिए किया आईसीसी का बचाव



नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 चरण के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा अपनाई गई पूर्व-सीडिंग प्रणाली का बचाव किया है। इस प्रारूप को लेकर सोशल मीडिया पर आईसीसी की व्यापक रूप से आलोचना की गई है, क्योंकि इसमें चारों ग्रुप की शीर्ष टीमों को ग्रुप-1 और दूसरे नंबर की टीमों को ग्रुप-2 में रखा गया है। इस व्यवस्था से ग्रुप ऑफ डेथ की स्थिति बन गई है।

गावस्कर ने आलोचना के समय पर सवाल उठाते हुए पूछा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ऐसी चिंताएं क्यों नहीं उठाई गईं। उन्होंने कहा, इसे अब क्यों उठाया जा रहा है? टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस पर चर्चा क्यों नहीं हुई? पूर्व क्रिकेटर ने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा और सीमा शुल्क निकासी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीसी द्वारा टीमों को पूर्व-क्रमबद्ध करने के निर्णय का एक कारण लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियां हो सकती हैं।

गावस्कर ने दो देशों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन में आने वाली रसद संबंधी जटिलताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा, आव्रजन और सीमा शुल्क, इन सभी चीजों का टूर्नामेंट के प्रारूप में पूरा ध्यान रखना पड़ता है। हर टीम में लोगों या सहायक कर्मचारियों की संख्या समान नहीं होती, जिससे होटल बुकिंग के साथ उनकी पसंद की रसद सामग्री समेत अन्य व्यवस्थाएं करना और भी जटिल हो जाता हैं।

## अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता

दोहा (ए.)। स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा।

इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# दादागुरु की मां नर्मदा परिक्रमा सेवा यात्रा का होगा कदम कदम पर स्वागत

## परिक्रमा यात्रा जमात के स्वागत की तैयारी के संबंध में हुई बैठक



नर्मदापुरम (निप्र)। दादागुरु की मां नर्मदा परिक्रमा सेवा यात्रा का आगमन 27 फरवरी की शाम को नर्मदापुरम नगर में होगा। जिसकी तैयारियों के रविवार को श्री दादाकुटी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दादा कुटी परिवार से जुड़े एवं नर्मदा मिशन के श्रद्धालुओं समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने दादागुरु की मां नर्मदा परिक्रमा सेवा यात्रा का नगर प्रवेश होने पर प्रवेश् स्थल से लेकर पढाव स्थल दादा कुटी तक कदम कदम पर स्वागत करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित नागरिकों ने सलाह व सहयोग देते हुए यह तय किया कि नर्मदापुरम नगर का यह पवित्र आयोजन हर वर्ष अपनी गरिमा के साथ सम्पन्न होता है।

बीते वर्षों की तरह दादागुरु अपनी भव्य जमात के साथ मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा का पावन नर्मदा नगरी नर्मदापुरम में होगा।बैठक में आचार्य पं अविनाश मिश्रा, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, टीपी मिश्राा, डॉ स्मिता संजय रिछारिया, इंजीनियर हरिकिशन नायक पत्रकार बलराम शर्मा, पं दिनेश तिवारी, हंस राय, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता नरेंद्र सोलंकी, पियूष मिश्रा, सहित अनेक नागरिकों ने अपने अपने सुझाव दिए।

### रजक समाज आज मनाएंगा संत गाडगे बाबा की 150वीं जयंती, चलेगा स्वच्छता अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। रजक समाज के आराध्य व स्वछता अभियान के जनक संत गाडगे बाबा की 150 वीं जन्मजयंती आज 23 फरवरी सोमवार को एबीडीएम रजक समाज नर्मदापुरम द्वारा सुबह 10 बजे परमहंस सर्किट हॉउस घाट स्थित संत गाडगे बाबा प्रतिमा स्थल पर धूमधाम से मनाई जाएगी। एबीडीएम कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेश बाथरे व नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने बातया कि जयंती के अवसर पर सबसे पहले सुबह नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा इसके बाद संतश्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाआरती की जाएगी एवं महाप्रसादी का वितरण पूरे घाट पर किया जाएगा। रजक समाज के पदाधिकारीयों ने रविवार शाम को संत गाडगे प्रतिमा स्थल पर सजा सज्जा कर तैयारियां पूर्ण की है। रजक समाज पदाधिकारीयों ने रजक समाज के सभी बंधुओं से जयंती कार्यक्रम में अपने परिवार सहित उपस्थित होने की अपील की है।

# कल से शुरू हो जाएंगे होलाष्टक, 3-4 मार्च को होली की रहेगी धूम

## होली का त्यौहार मनाने के लिए बनने लगा माहौल



नर्मदापुरम (निप्र)। होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से शुरू होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तक रहते है। यानी होलिका दहन के साथ ही होलाष्टक का समापन होता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है। पंचांग के अनुसारए इस साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 24 मार्च को रात से हो शुरू हो रहे हैं। ऐसे में होलाष्टक 24 फरवरी लगेगा और 4 मार्च को समाप्त होगा। इसके बाद 4 मार्च को रंग वाली होली;धुलंडीद्ध मनाई जाएगी।

### होलिकाष्टक में बंद रहेंगे मांगलिक कार्य

विविध रंगों का त्योहार होलिका उत्सव आने वाला है। 9 दिन शेष हैं। मंगलवार से होलिकाष्टक लग रहे हैं। शहर में करीब 175 स्थानों पर होली के डांडे गाड़े जाते है। इन होली के डांडे को होलिकाष्ट के दिन में सजाया जाकर पूर्णिमा की रात में होलिका का पूजन करने के बाद देर रात में दहन किया जाएगा। दूसरे दिन धुलेंडी मनाई जाएगी। इस वर्ष होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होकर 4 मार्च तक रहेंगे। फाल्गुन अष्टमी से होलिका दहन तक 8 दिनों तक होलाष्टक के दौरान मांगलिक और शुभ कार्य वर्जित हो जाते हैं। हालांकि देवी.-देवताओं की पूजा-अर्चना के लिए ये दिन बहुत श्रेष्ठ माने गए हैं। ज्योतिषाचार्य पं अजय परसाई के अनुसार होलाष्टक शब्द होली और अष्टक से मिलकर बना है। इसका मतलब है होली के आठ दिन। होलाष्टक के दिनों में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, मकान,वाहन की खरीदारी की मनाही होती है।होली के त्योहार को लेकर हुरियारों के द्वारा विशेष तैयारी की जाती है। होली दहन वाले स्थानों होलिका दहन के लिए लकड़ी के साथ ही गोबर के कंडे एकत्रित करने का कार्य किया जाएगा। लोगों में जागरूकता आती जा रही है। अधिकांश स्थानों पर कंडे की होली जाने लगी है। युवाओं के साथ बच्चों की टोली होली की तैयारी में जुटेगी। जिसमें ग्वालटोली में पहले से ही कंडे की होली जलाने की प्राचीन परंपरा का निर्वाह किया जाएगा। इसी के साथ ही सतरस्ते पर, मालाखेड़ी के यादव मोहल्ला तथा आदमगढ़ में भी होली के अवसर पर रात में कंडे की ही होली जलाने की परंपरा निभाई जा रही है। वहीं जुमेराती, भीलपुरा सहित अन्य स्थानों पर होली के डांडे सजाए जाने आज से शुरू होंगे।

शहर के अनेक स्थानों पर कंडे के साथ लकड़ी की भी होली जलाई जाती है जिनमें होली चौक के नाम से प्रसिद्ध मोहल्ले में भी दोनों प्रकार की सामग्री मिलाकर होली जलाई जाती है। मोरछली चौक, के अलावा एकता चौक,कोरी घाट, कोठीबाजार और अन्य स्थानों पर होलिका दहन के कार्यक्रम परंपरागत रूप से किए जाएंगे। जिसकी तैयारी शुरू हो रही है।

## माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 288वाँ सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा निरंतर चलाए जा रहे माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 288वाँ सप्ताह पूर्ण उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। समिति के सदस्यों ने प्रात:काल एकत्रित होकर विवेकानंद घाट परिसर की साफ.सफाई की तथा प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया।इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने कहा कि माँ नर्मदा केवल आस्था का केंद्र ही नहींए बल्कि हमारी जीवनदायिनी भी हैं। उनका स्वच्छ एवं निर्मल स्वरूप बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। लगातार 288 सप्ताह से चल रहा यह अभियान समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दे रहा है और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहा है। अभियान के दौरान उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने माँ नर्मदा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी नियमित रूप से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनते रहेंगे। जय हो सामाजिक कल्याण समिति समस्त नगरवासियों से अपील करती है कि वे घाटों पर स्वच्छता बनाए रखेंए प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा स्वच्छए सुंदर एवं हरित नर्मदापुरम के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के सदस्य जतिन यादव संजू प्रजापति हर्षित पाल गणेश यादव राजा मालवीय सागर पटेल पीतम चक्रवर्ती पंकज मेहरा उपस्थित रहे।



## पवन कुमार प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत

नर्मदापुरम /भोपाल (निप्र)। बहुत ही हर्ष का विषय और नर्मदापुरम डाक संभाग को गौरवान्वित करने वाला पल है कि नर्मदापुरम प्रधान डाकघर में जनसंपर्क निरीक्षक के पद पर पदस्थ जुझारू, कर्मठ और ऊर्जावान साथी पवन कुमार सिंह को भोपाल में राज्य कृषि विस्तार और प्रशिक्षण केंद्र नीलबड़ में आयोजित भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) के द्विवार्षिक परिमंडल अधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया है। उन्हें हमारे सभी नर्मदापुरम डाक परिवार के साथियों की ओर से अनंत शुभकामनाएं,आशा करते हैं कि वे डाक कर्मचारियों के हितों के लिए सतत संघर्ष करते रहेंगे।

# इटारसी तहसील में नापतौल उपकरणों के सत्यापन हेतु विशेष शिविर आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। विधिक मापविज्ञान (नापतौल) विभाग, नर्मदापुरम के प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक द्वारा गत सप्ताह इटारसी तहसील अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों (सोसाइटियों) में उपयोग किए जा रहे नापतौल उपकरणों के सत्यापन एवं मुद्रांकन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में इटारसी क्षेत्र की 14, सुखतवा की 12, केसला की 06 तथा पथरोटा की 04 उचित मूल्य दुकानों द्वारा अपनी-अपनी संस्थाओं में उपयोग किए जा रहे नापतौल उपकरण शिविर में प्रस्तुत कर सत्यापन कार्य संपन्न कराया गया। इस प्रकार कुल 36 उचित मूल्य दुकानों ने शिविर का लाभ उठाया। प्रभारी सहायक नियंत्रक सलिल ल्यूक ने बताया कि जिन उचित मूल्य दुकानों द्वारा अभी तक सत्यापन कार्य नहीं कराया गया है वे शीघ्र ही नापतौल कार्यालय, नर्मदापुरम में संपर्क कर अपने संस्थान में उपयोग किए जा रहे समस्त नापतौल उपकरणों का सत्यापन कार्य पूर्ण कराएं।

### 9899 बोरी की मूंग गायब पाए जाने के मामले में एकलव्य वेयरहाउस को किया गया ब्लैकलिस्टेड

नर्मदापुरम (निप्र)। 04 करोड़ 22 लाख 21 हजार 710 रुपए की 9899 बोरी मूंग गायब (चोरी) पाए जाने के मामले में माखन नगर स्थित एकलव्य वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वेयरहाउस संचालक सहित अधिकृत प्रतिनिधि एवं चौकीदार के विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही भी की गई थी। उक्त संबंध में संचालक से पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था किंतु उत्तर ना प्रस्तुत किए जाने की दशा में वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक कर ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

## नर्मदापुरम विधायक की अनुशंसा पर 06 हितग्राहियों हेतु1 लाख 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 06 हितग्राहियों के लिए 1 लाख 10 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर विधायक निधि से इटारसी निवासी श्रीमती रोशनी कोरी को उपचार हेतु 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार इटारसी निवासी श्रीमती अनुसुइया,गौतम चोरे, श्रीमती नीति जैन, गौरव दीक्षित एवं बलदेव मास्के को 20- 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम**
**पुराना कलेक्ट्रेट परिसर नर्मदापुरम Email-eeresbetul@mp.gov.in**

पत्र क्रमांक 507/निविदा/लेखा/ग्रायांसेवा/2026 नर्मदापुरम दिनांक 17.02.2026

**निविदा सूचना क्रमांक 12/2025-26**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री के उपयोग हेतु 01 बोलेरो/स्कार्पियों वाहन जो टैक्सी कोटे में पंजीकृत हो चालक सहित मासिक रूप से किराये पर लिया जाना है। इच्छुक ट्रेवल्स एजेंसी/व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में निविदा फार्म कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। मोहरबंद निविदा प्रपत्र दिनांक 25.02.2026 को प्रात: 12.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जा सकती है। निविदा प्राप्ती पश्चात उपरांत दिनांक 25.02.2026 को दोपहर 01.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष निविदा खोली जावेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ राशि रू. 5000/- (पांच हजार) मात्र का एफ.डी.आर. कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय की लेखा शाखा में देखी जा सकती है।

जी/26267/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
नर्मदापुरम


# अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी

## रेत/गिट्टी का अवैध परिवहन करते 21 वाहन जप्त

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा तहसील-नर्मदापुरम में 04 डम्परों को रेत का ओवरलोड परिवहन करते जब्त किया गया है। तहसील सिवनीमालवा में 02 डम्पर को रेत एवं 01 डंपर को गिट्टी खनिज का ओवरलोड परिवहन करते जप्त किया गया। तहसील सोहागपुर से 03 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जब्त किया गया है। इसी प्रकार शनिवार 21 फरवरी 2026 को तहसील-नर्मदापुरम में 04 डम्परों को रेत का ओवरलोड परिवहन करते जप्त किया गया है। तहसील सिवनीमालवा में 03 डम्पर को रेत का ओवरलोड परिवहन करते जप्त किया गया।




तहसील पिपरिया में 02 डम्परों को गिट्टी का एवं 02 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के गठित संयुक्त दल द्वारा की गयी है। जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### सफलता की कहानी

# मुख्यमंत्री गौवंश संवर्धन योजना से जुड़कर ब्रजेश चौधरी ने किया स्वरोजगार का सफल मॉडल प्रस्तुत

### तीन गायों से शुरू की डेयरी, आज 25-30 उन्नत नस्ल की गायों के साथ बने सफल उद्यमी



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश शासन की जनहितकारी योजनाएं हर प्रदेशवासी को आत्मनिर्भर और वक्त के साथ कदम मिलाकर चलने का संबल प्रदाय कर रही है। आज प्रदेश में योजनाओं का लाभ, तकनीकी सहायता और आत्मविश्वास के साथ कोई भी व्यक्ति अपने सपनो को साकार कर ऊंचाइयों तक का सफर तय कर सकता है।ऐसा ही एक उदाहरण है ग्राम महंगवा, विकासखंड बनखेड़ी निवासी बृजेश चौधरी पिता अजब सिंह चौधरी का जिन्होने राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं मुख्यमंत्री गौवंश संवर्धन योजना से जुड़कर स्वरोजगार का ऐसा सफल मॉडल प्रस्तुत किया है, जो ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से अपनाकर अपनी छोटी डेयरी को एक सशक्त और लाभकारी इकाई में परिवर्तित कर दियाश्री चौधरी एक साधारण कृषक परिवार से हैं। वर्ष 2016-17 में उन्हें योजनांतर्गत पशु बीमा में 100 प्रतिशत प्रीमियम सहायता राशि प्राप्त हुई। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशु चारा विकास प्रशिक्षण, कृत्रिम गर्भाधान सुविधा एवं पशु स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से निरंतर तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।प्रारंभ में उनके पास मात्र 03 एकड़ कृषि भूमि थी तथा परिवार की वार्षिक आय लगभग 60 हजार रुपये तक सीमित थी। वर्ष 2008 में उन्होंने एक निजी संस्था में मुनीम का कार्य प्रारंभ किया, लेकिन वर्ष 2016 में कार्य बंद हो जाने से आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया। इसी दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से प्रेरणा लेकर पशुपालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाया और 03 एच.एफ. नस्ल की गायों से डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की।बीमारी के समय पशु चिकित्सकों एवं विभागीय अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंने पशुओं का बीमा कराया, गोबर से जैविक खाद बनाना शुरू किया तथा कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उन्नत नस्ल तैयार की। पशुओं के मूत्र से जैविक कीटनाशक तैयार कर रासायनिक दवाओं पर होने वाला खर्च भी कम किया। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और तकनीकी मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने पशुपालन को वैज्ञानिक पद्धति से विकसित किया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग हरदा**

**:: निविदा सूचना ::**

निविदा सूचना क्रमांक. 25/व.ले.लि./2025-26, हरदा, दिनांक 12/02/2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्रं0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB_482060 | हरदा | निर्माण कार्य | सिविल कोर्ट खिरकिया में ट्रांसजेंडर शौचालय का निर्माण कार्य। | तृतीय आमंत्रण | रू 3.93 लाख |
| 2 | 2026_PWDRB_482061 | हरदा | निर्माण कार्य | सिविल कोर्ट टिमरनी में ट्रांसजेंडर शौचालय का निर्माण कार्य। | तृतीय आमंत्रण | रू 3.93 लाख |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27/02/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/26209/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग भ/स
संभाग हरदा


### 24 एवं 25 को किया जायेगा उद्यानिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना के घटक मिशन प्रबंधन अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी 2026 को एम.पी.एको फार्म, माखननगर, जिला नर्मदापुरम में किया रहा है। जिसमें जिले में संचालित विभागीय योजनाओं सब्जी, मसाला, पुष्प, फल, माईक्रो इरीगेश, PMFME, माखाना की खेती आदि के बारे में विस्तार से जानकारी एवं हाईटेक हार्टिकल्चर, जैविक खेती, पॉली हाउस में सब्जी/फूल उत्पादन, प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना जिसमें जिलें के कृषको, उद्यमी एवं स्वसहायता समूहों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत प्रसंस्करण इकाई की स्थापना संबंधी प्रशिक्षण एवं योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान सहायता इत्यादि के संबंध में जानकारी दी जावेंगी साथ ही पुष्प प्रदर्शनी, PMFME उत्पाद, विभागीय फल, सब्जी, मसाला, फूल आदि के प्रादर्श प्रदर्शित किये जावेगें।


**कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)**

OFF.&FAX No.- 07147-224541 Email ID- supdtofsubjailmultai@gmail.com

क्रमांक/ /निविदा/2026 मुलताई, दिनांक / /2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-2027**
**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

| क्र. | विवरण | दिनांक व समग्र | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बिड मीटिंग | 02.03.2026 दोपहर 12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई जिला बैतूल |
| 2 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500/- तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु रूपये 1000/- प्रति फार्म राशि महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056 जेले- 800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा की जावेगी। | 09.03.2026 शाम 05.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगे। |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि। | 09.03.2026 शाम 05 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 4 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 09.03.2026 शाम 05 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 5 | तकनीकि निविदा (आवश्यक दस्तावेज)खोलने की तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | 10.03.2026 शाम 05 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 12.03.2026 दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक सब जेल मुलताई |

जी/26208/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

सहायक जेल अधीक्षक
सबजेल मुलताई



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम्**

क्रमांक/स्टोर शाखा/2025-26/1506 दिनांक 17/02/2026

**ई-निविदा आमंत्रण**

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपस्वास्थ्य केन्द्र ) हेतु उपकरण/अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिये ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन (www.mptenders.gov.in) के माध्यम से राशि प्रति निविदा 500/- रूपये जमा कर प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय की भण्डार शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

दूरभाष क्रमांक 07574-250113
ऑन लाईन निविदा क्र.:-1506

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि | 20/02/2026 10:00 बजे से 11/03/2026 18:00 बजे तक |
| निविदा खुलने से पूर्व बैठक की तिथि कार्यालयीन दिवस एवं समय में | 26/02/2026 14:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 27/02/2026 10:00 बजे से 11/03/2026 18:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | 13/03/2026 11:00 बजे |
| वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | Deeide Ofter Technical Bid Opening |
| स्थान:- | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् |

जी/26230/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

डॉ. नरसिंह गेहलोत
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
अधिकारी नर्मदापुरम्
दूरभाष 07574-252464


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com